

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 3 अगस्त 2026 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष -42 ■ अंक-126 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 04 अगस्त 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

सावन के पहले सोमवार पर आज ग्राम तुलसी स्थित शिवधाम में विशाल शिवलिंग का शिवभक्तों ने अभिषेक कर पूजा-अर्चना की।



## बाल संप्रेक्षण गृह की खिड़की की ग्रील तोड़कर 8 नाबालिग फरार

**महासमुंद,3 जुलाई।** जिले के बरोंड़ा बाजार स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से सोमवार तड़के 8 नाबालिग फरार हो गए. सभी करीब 2 से 3 बजे के बीच खिड़की की ग्रील तोड़कर परिसर से भाग निकले. इस घटना के बाद अब संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं. फिलहाल पुलिस संप्रेक्षण गृह से भागे लड़कों की तलाश में जुट गई है.जानकारी के अनुसार, फरार हुए सभी नाबालिग पिछले 4 से 5 महीनों के दौरान विभिन्न आपराधिक मामलों में बाल संप्रेक्षण गृह भेजे गए थे. इनमें एक बालक दुष्कर्म, दो चोरी के मामलों में निरुद्ध थे, जबकि अन्य पर एनडीपीएस एक्ट समेत विभिन्न आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. फरार नाबालिगों का संबंध महासमुंद, सरायपाली, धमतरी और ओडिशा के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बताया जा रहा है.घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे. पूरे परिसर की जांच की जा रही है. फरार बच्चों की तलाश के लिए पुलिस ने व्यापक सर्च अभियान शुरू कर दिया है. गौरतलब है कि करीब दो वर्ष पहले भी इसी बाल संप्रेक्षण गृह से बच्चे फरार होने की घटना सामने आई थी. एक बार फिर हुई इस घटना ने संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**सूरजपुर,3 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है, जहां ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। यह घटना बसदेई थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवप्रसाद नगर रेलवे ट्रैक पर हुई है। दरअसल, शिवप्रसाद नगर रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही बसदेई थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के इलाकों में और गुमशुदा लोगों की सूचियों के आधार पर शिनाख्त कराने के प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार, आशंका जताई जा रही है कि युवक की जबलपुर जाने वाली ट्रेन से गिरकर मौत हुई है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस आत्महत्या और अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बारीकी से जांच कर रही है।

# रांची में दिखा जंतर-मंतर जैसा नजारा

## छठे दिन भी डटे रहे जेपीएससी -जेएसएससी अभ्यर्थी

**रांची,3 अगस्त।** झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षाओं में कथित धांधली और पेपर लीक के खिलाफ शुरू हुआ आंदोलन अब एक बड़े जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। सोमवार को अभ्यर्थियों का यह विरोध प्रदर्शन छठे दिन में प्रवेश कर गया। रांची का जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम अब दिल्ली के ऐतिहासिक जंतर-मंतर की तर्ज पर आंदोलित नजर आ रहा है, जहाँ सैकड़ों छात्र तिरंगा लहराते हुए राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। इस प्रदर्शन को 'कॉकरोच जनता पार्टी' का भी समर्थन मिल चुका है।

देश भर में छात्रों के मुद्दों पर मुखर रहने वाली सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर लिखा, "मैंने झारखंड में जेपीएससी -जेएसएससीभर्ती परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों के खिलाफ आवाज उठा रहे अभ्यर्थियों से बात की है। सीजेपी पूरी मजबूती के साथ झारखंड के सभी छात्रों के साथ खड़ी है और उनकी जायज मांगों का समर्थन करती है।" बापू वाटिका से शुरू हुआ यह आंदोलन अब विशाल रूप ले चुका है। जिस तरह शिक्षा प्रणाली में सुधारों को लेकर सोनम वांगचुक ने 26 दिनों तक



भूख हड़ताल की थी, उसी तर्ज पर छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ गए हैं। वे इस आंदोलन का प्रमुख चेहरा बनकर उभरे हैं और उनकी स्पष्ट मांग है कि कथित गड़बड़ियों के कारण 14वीं जेपीएससी परीक्षा को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। छात्रों के गुस्से और चल रही भूख हड़ताल के अलावा, जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आकर्षक नारे गूंज रहे थे, जो दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान सुने गए नारों की याद दिलाते थे।

# 4.39 करोड़ की जमीन धोखाधड़ी: कोर्ट के आदेश पर महिला पार्षद रीता सिंह सहित तीन पर एफआईआर

**भिलाई,3 अगस्त।** उतई जमीन मामले में 4.39 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में कोर्ट के आदेश पर भिलाई निगम की महिला पार्षद रीता सिंह समेत तीन पर उतई पुलिस ने धारा 318 (2), 318 (3), 318(4), 338, 336 (3) व 340 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही है। मामले में तथ्यों को छिपाकर धोखाधड़ी करने का आरोप है उतई पुलिस ने बताया कि न्यायालय में बी.बी. सिंह विरूद्ध श्रीमती रीता सिंह पति रमेश चंद सिंह राजपूत, रमेश चंद सिंह राजपूत आ. आनंद प्रसाद सिंह, मानव चंद आ. रमेश चंद सिंह राजपूत, तीनों निवासी वैशाली नगर, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के विरूद्ध धारा 318 (2), 318 (3), 318(4), 338, 336 (3) व 340 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर इस न्यायालय के आदेश दिनांक से पालन प्रतिवेदन 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने को कहा अनावेदिका श्रीमती रीता सिंह के स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा ग्राम छांटा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. स्थित खसरा नंबर 21, 881, 882, 22, 23, 24, 25, 20/2,20/1, 9, 33, 34, रकबा क्रमशः 0.61, 0.1, 0.16, 0.28, 0.5, 0.5, 0.42, 1.5, 0.19, 0.21, 0.28, 0.37 हे. दान भूमि (इकरारित भूमि) खसरा नंबर 30, 142, 31, 187, 141, रकबा क्रमशः 0.32, 0.45, 0.43, 0.71, 0.15, 0.42 हे. तथा विक्रय की जाने वाली चल संपत्ति- एक टाटा हिटाची हाईड्रोलिक एक्सकेवेटर, भारत बेंज टिपर गुड्स कैरियर



तथा भारत बेंज टिपर गुड्स कैरियर उक्त दर्शित संपत्ति का श्रीमती रीता सिंह के पति रमेश चंद सिंह राजपूत के माध्यम से परिवादी के मध्य 29 जनवरी 2024 को लिखित इकरारनामा निष्पादित किया गया था। इकरारनामा निष्पादन में श्रीमती रीता सिंह एवं रमेश चंद सिंह राजपूत ने उपरोक्त दर्शित संपत्ति में से मध्यप्रदेश मिनिरल्स सुरेश कुमार खसरा नंबर 21, रकबा 0.61 हे., पूनम आम मुख्तियार संजय डी.पी. श्रीवास्तव खसा नंबर 882, रकबा 0.16 हे., मध्य भारत मिनिरल्स महावीर प्रसाद नंदलाल खसरा नंबर 22, रकबा 0.28 हे., मध्य भारत निनिरल्स राधेश्याम खसरा नंबर 23, रकबा 0.5 हे. एवं रीता सिंह के खसरा नंबर 20/1, रकबा 0.19 हे, एवं खसरा नंबर 9, रकबा 0.21 है। मानवचंद सिंह के खसरा नंबर 20/2, रकबा 1.5 हे. एवं एक टाटा हिटाची है, इस तथ्य को भी श्रीमती रीता सिंह एवं रमेश चंद सिंह राजपूत ने छुपाया। जब परिवादी ने पूछताछ की तब अनावेदकगणों ने बैंक से एनओसी लाकर दिये जाने का आश्वासन दिया जो आज तक परिवादी को अप्राप्त है। उपरोक्त भूमि से लगी हुई खसरा नंबर 16 जो शासकीय लीज की भूमि है उसे भी श्रीमती रीता सिंह एवं रमेश चंद सिंह राजपूत को परिवादी के पक्ष में शासन से अनुमति लेकर स्थानांतरण करना था। आरोप है कि अनावेदकगण श्रीमती रीता सिंह एवं रमेश चंद सिंह राजपूत एक राय होकर परिवादी को धोखा दिया है उक्त संपत्तियों को परिवादी के साथ विक्रय करने का चुकता सौदा कर 4,50,00,000 रूपए में कर आज तक 4,39,50,000 रूपए अनावेदकगण परिवादी से प्राप्त कर चुके हैं

### लेखिका तस्लीमा नसरीन ने बीएनपी से की अपील

# अवामी लीग से हटाएं बैन; शेख हसीना को वापस लौटने दें

**कोलकाता,3 अगस्त।** निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन ने बांग्लादेश की अवामी लीग पर लगाए गए प्रतिबंध की निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र के खिलाफ बताया है. उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की स्वदेश वापसी की अनुमति देने और अवामी लीग पर लगा प्रतिबंध हटाने की बांग्लादेश सरकार से अपील करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल करने की मांग की. बीएनपी सरकार से अपील की कि वह हसीना को देश वापस लौटने में मदद करे. बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन ने कहा कि अवामी लीग नेता शेख हसीना को जिस तरह से सत्ता से हटाया गया, वह गलत हरकत होने के साथ साथ, लोकतंत्र विरोधी भी था. लेखिका तसलीमा नसरीन ने बांग्लादेश सरकार से अवामी लीग पर लगे बैन को हटाने और देश से बाहर हुईं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को वापस लौटने में मदद करने की



अपील की. उन्होंने जुलाई 2024 में हुए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बाद हसीना की पार्टी, बांग्लादेश अवामी लीग पर लगे प्रतिबंध को हटाने की भी मांग की. लेखिका को शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान ही बांग्लादेश से निर्वासित होना पड़ा था. बांग्लादेश की मौजूदा बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की सरकार से अपील की कि वह हसीना को देश वापस लौटने में मदद करे. उन्होंने कहा कि शेख हसीना को अपनी पार्टी का नेतृत्व करने और चुनाव में हिस्सा लेने के लिए बांग्लादेश वापस आने का अवसर दिया जाना चाहिए. अवामी लीग पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने 2025 में आतंकवाद विरोधी कानून के तहत बैन लगा दिया था. इस पर लेखिका तस्लीमा नसरीन ने कहा, 'किसी भी राजनीतिक दल पर प्रतिबंध नहीं लगना चाहिए. उन्होंने इस फैसले को 'लोकतंत्र के खिलाफ' करार दिया है. उनके मुताबिक किसी भी राजनीतिक दल को गैरकानूनी घोषित करके बैन नहीं किया जाना चाहिए.

### जंतर-मंतर प्रदर्शन में घायल आईआईटी छात्रा ने दायर की याचिका

# सुको से पूरे देश में एसओपी का पालन करने मांग

**नई दिल्ली,3 अगस्त।** आईआईटी पटना की छात्रा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है. पूरे देश में प्रदर्शन के दौरान एक समान एसओपी का पालन किए जाने की मांग की है. नीट-यूजी विरोध प्रदर्शन में घायल छात्रा ने पुलिस के लिए नेम बैज और भीड़ को काबू करने के एक जैसे नियमों के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया है. सुप्रीम कोर्ट इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई कर सकता है. तोशीवा यादव 20 जुलाई को आयोजित उस प्रदर्शन में शामिल थीं, जिसमें प्रदर्शनकारी संसद की ओर मार्च करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे थे.दिल्ली के जंतर मंतर पर हुए प्रदर्शन में घायल आईआईटी पटना छात्रा ने सुप्रीम कोर्ट में दखल याचिका दायर कर पुलिस की पहचान और भीड़ नियंत्रण के लिए समान प्रोटोकॉल की मांग की है। साथ ही उन्होंने पुलिसकर्मियों की वर्दी पर नेम बैज अनिवार्य करने की भी मांग की है. जिससे ऐसी कार्रवाई में शामिल पुलिसकर्मियों की पहचान हो पाए. तोशिवा यादव ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर प्रदर्शन के दौरान घायल हुए लोगों को उचित चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की भी मांग की है. सुप्रीम कोर्ट इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई कर सकता है. आईआईटी पटना पढ़ने वाली 27 वर्षीय तोशिवा दिल्ली के जंतर मंतर पर 20 जुलाई को हुए प्रदर्शन में घायल हो गई थी. उनका आरोप है कि प्रदर्शन स्थल से लौटते समय पुलिसकर्मियों ने उन पर हमला किया. उन्होंने दावा किया कि हमलावर पुलिसकर्मी वर्दी में थे, लेकिन उनके नाम-पट्ट या पहचान बैज नहीं लगे थे. उनका दावा है कि उनके सिर के पिछले हिस्से में गहरा घाव हुआ, जिसके लिए तुरंत इलाज और टांके लगाने की ज़रूरत पड़ी.

# केबल चोरों को रस्सी से बांधकर पीटा

**कोरबा,3 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में दो चोर मोबाइल टावर की केबल काटते हुए रंगे हाथों पकड़े गए। लोगों ने उन दोनों को रस्सी से बांधकर पहले जमकर पीटा और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। दावा किया जा रहा है कि जिले में 3 महीने में 33 टावरों में चोरी की घटनाएं हुई है। वहीं दो चोर जब सीतामणी स्थित राम मंदिर परिसर में लगे मोबाइल टावर की केबल काट रहे थे, तो उन्हें स्थानीय लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद उन्होंने दोनों को रस्सी से बांध दिया और जमकर पीटा। पिटाई के बाद इसकी सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिल ने



दोनों आरोपियों को अपने हिरासत में ले लिया। स्थानीय लोगों ने पकड़े गए युवकों के नाम एकलाख खान और लक्की बताया है। लोगों का आरोप है कि दोनों नशे की हालत में थे। उनके पास से गांजा, चिलम और नशीले इंजेक्शन की शीशियां भी मिली हैं। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

### ई-20 पर केजरीवाल का मार्च का ऐलान

# 100 लोगों के साथ कल पीएम आवास जाऊंगा

नई दिल्ली,3 अगस्त। अरविंद केजरीवाल ने आज प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार को E20 मुद्दे पर जमकर घेरा. केजरीवाल ने कहा कि, "इथेनॉल को लेकर देश की जनता परेशान है. लोगों के गाड़ियों की माइलेज कम हो रही है और वाहन लगातार खराब हो रहे हैं. लेकिन फिर भी सरकार बिना कोई जवाब दिए लोगों पर जबरदस्तरी इथेनॉल थोप रही है. इससे ये लगता है कि इसमें पीछे सरकार का हिडेन एजेंडा है." केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि, "ट्रंप के दबाव में केंद्र सरकार इथेनॉल के प्रयोग को बढ़ावा दे रही है. ट्रंप जबरदस्ती अपने देश का इथेनॉल भारत में एक्सपोर्ट करना चाहते हैं." केजरीवाल ने



एक अनुमान लगाते हुए कहा कि, "अगले पांच साल में भारत 20 मिलियन डॉलर का इथेनॉल अमेरिका से खरीदेगा. जो पूरे देश पर थोपा जाएगा." अपने टाउन हॉल कार्यक्रम के बारे में केजरीवाल ने कहा कि, "इस प्रोग्राम को 7 लाख से ज्यादा लोगों ने लाइव देखा था. जो इसकी सफलता बताता है और इससे ये भी साफ हो रहा है कि, कितनी भारी मात्रा में लोग E20 से परेशान हैं. यदि कोई कंटेंट क्रिएटर या सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर E20 का विरोध करता है तो उसे डराया और धमकाया जाता है." केजरीवाल ने कहा कि,"हमने कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री के नाम से एक ऑनलाइन पिटीशन साइन करवाई थी. तो लगभग 2,33,238 लोगों ने इस पिटीशन पर साइन किया था. कल मैं दोपहर 12 बजे इथेनॉल विक्टिम और पार्टी कार्यकर्ताओं सहित तकरीबन 100 लोगों के साथ ये पिटीशन प्रधानमंत्री जी को सौंपने के लिए उनके आवास पर जाउंगा. मैं व्यक्तिगत तौर पर उनसे मिलकर ये पिटीशन सौंपूंगा और साथ ही उनसे इथेनॉल और E20 पेट्रोल पर चर्चा करूंगा." केजरीवाल ने कहा कि, तकरीबन 1 महीने पहले मैंने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखी थी. लेकिन उनका कोई जवाब नहीं आया था.

### श्रावण के प्रथम सोमवार को अभिषेक करने वालों की भीड़

# हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से शिवमय हुआ शहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 3 अगस्त।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर सोमवार को भिलाई सहित आसपास के क्षेत्र के मंदिरों और शिवालयों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। तड़के ब्रह्म मुहूर्त से ही भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। महिलाओं, युवतियों, बुजुर्गों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दुग्ध, पंचामृत, बेलपत्र, धतूरा, आक के पुष्प एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर भोलेनाथ का विधिवत अभिषेक किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की।श्रावण के पहले सोमवार के विशेष महत्व को देखते हुए शहर के प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समितियों द्वारा बैरिकेडिंग, पेयजल, साफ-सफाई तथा सुव्यवस्थित दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई थी। मंदिरों में पुजारियों के निर्देशन में रुद्राभिषेक, शिव स्तोत्र, महामृत्युंजय मंत्र एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का अभिषेक कराया गया। मंदिरों में घंटों-घड़ियालों की मधुर ध्वनि, शंखनाद और शिव भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव और बम-बम भोले के गगनभेदी जयघोष से शिवालय गुंजायमान हो उठे। अनेक श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना की, वहीं घरों में भी श्रद्धापूर्वक रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन-अर्चना का आयोजन किया गया। दिनभर मंदिरों में दर्शन और जलाभिषेक का सिलसिला लगातार जारी रहा। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि श्रावण मास के प्रथम सोमवार को भगवान भोलेनाथ की श्रद्धा पूर्वक आराधना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। पूरे दिन शहर का वातावरण शिव भक्ति में सराबोर रहा।

# अठारह किमी लंबी भोरमदेव पदयात्रा का विजय शर्मा ने बूढ़ा महादेव मंदिर से किया शुभारंभ

■ हर-हर महादेव बोल बम तथा जय भोलेनाथ के जयघोष के साथ हजारों शिवभक्तों की पदयात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,3 अगस्त।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर ऐतिहासिक पुरातात्विक, पर्यटन एवं जनआस्था के केंद्र बाबा भोरमदेव मंदिर के लिए आयोजित भव्य भोरमदेव पदयात्रा का शुभारंभ आज प्रातः पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर, कवर्धा से श्रद्धा, उत्साह और भक्तिभाव के साथ हुआ।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना एवं अभिषेक कर पदयात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और कल्याण की कामना की। शुभारंभ के पश्चात उपमुख्यमंत्री स्वयं भी श्रद्धालुओं के साथ पदयात्रा में शामिल हुए।लगभग 18 किलोमीटर लंबी इस पदयात्रा में जिले सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हजारों शिवभक्त पूरे उत्साह और आस्था के साथ शामिल हुए। श्रद्धालुओं के हाथों में भगवा ध्वज, कंधों पर कांवड़ और मुख पर हर-हर महादेव बोल बम तथा जय भोलेनाथ के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो रहा है। पदयात्रा में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से पहुंचे कलाकारों ने शिव की टोली का रूप धरकर मोहक प्रस्तुतियां दी जा रही है। भोलेनाथ के भक्ति भाव में सराबोर श्रद्धालु बाबा भोरमदेव के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए पदयात्रा करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। भोरमदेव मार्ग पर जगह जगह ग्रामवासी और श्रद्धालुजन शिवभक्त पदयात्रियों का स्वागत कर रहे हैं। लोगों के लिए पेयजल और चाय नाश्ते की व्यवस्था विभिन्न संगठनों और जिला प्रशासन के अलग अलग विभागों द्वारा की गई है।

## एक नजर

### चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 3 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई उतई थाना पुलिस ने घर में चोरी के एक प्रकरण का खुलासा करते हुए घटना के मात्र 24 घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गई संपत्ति बरामद की है उतई टीआई मोहन भारद्वाज ने बताया कि लुमेश कुमार चक्रधारी निवासी आजाद चौक उतई ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अज्ञात व्यक्ति घर के पीछे के दरवाजे की कुंडी निकालकर घर में प्रवेश कर पीतल के बर्तन एवं पूजा कक्ष में रखी नगदी चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विशेष पुलिस टीम गठित की पूछताछ में आरोपियों शुभम कुमार विश्वकर्मा (26 साल ) निवासी आजाद चौक, सूर्यकांत उर्फ अमन (19 साल ) निवासी खदानपारा व लवकुमार साहू (35 साल ) निवासी दक्षिण गंगोत्री सुपेला ने चोरी करना स्वीकार किया ।

### छेड़छाड़,आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 3 जुलाई (तछसं.)।** भिलाई मॉडल टाउन स्थित शनि मंदिर के समीप एक महिला से छेड़छाड़ के मामले में स्मृति नगर चौकी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया स्मृति नगर चौकी प्रभारी अमित अदानी ने बताया कि पीड़िता ने पुलिस चौकी स्मृतिनगर में शिकायत दर्ज कराई थी शिकायत में बताया गया कि 31 जुलाई की रात करीब 10.30 बजे वह अपनी सहेलियों के साथ मॉडल टाउन स्थित शनि मंदिर के पास एक चाय की दुकान पर थी। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचा और बुरी नीयत से उसके साथ छेड़छाड़ कर मौके से फरार हो गया। शिकायत मिलते ही सुपेला थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 74 में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल जांच शुरू की। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तथा तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी की पहचान की गई। इसके बाद इंदिरा नगर निवासी हेमंत क्षत्रिय को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने घटना स्वीकार की। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### कलेक्टर ने किया रक्तदान शिविर का निरीक्षण

**दुर्ग, 3 अगस्त ।** जिले के सेक्टर 9 भिलाई स्थित महिला महाविद्यालय परिसर में मुनिन्द्र धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा रविवार, 2 अगस्त 2026 को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में ट्रस्ट से जुड़े समाज के सभी वर्ग के लोगों ने रक्तदान की सेवा दी। शिविर में 291 यूनिट रक्तदान हुआ। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने रक्तदान शिविर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ट्रस्ट के जिला संयोजक श्री खेमेन्द्र साहू ने रक्तदान शिविर के आयोजन के उद्देश्य एवं ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी से अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि विगत दिवस इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी दुर्ग द्वारा जिला चिकित्सालय में संचालित ब्लड बैंक में रक्त की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नियमित स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कला मंदिर, सिविक सेंटर भिलाई में 'रक्तदान-महादान' विषय पर बैठक आयोजित की गई थी। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा सामाजिक संगठनों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील के साथ ही रक्तदान अभियान को जन-आंदोलन बनाने के लिए सुझाव और सहयोग का आह्वान किया गया। कलेक्टर की अपील पर मुनिन्द्र धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवादारों ने जिला प्रशासन को रक्तदान शिविर आयोजित कर ब्लड बैंक हेतु शिविर में संग्रहित रक्त डोनेट करने का भरोसा दिलाया। रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक के पश्चात् यह किसी सामाजिक संस्था का पहला विशाल रक्तदान शिविर है, जिसमें ट्रस्ट से जुड़े समाज के सभी वर्ग बढ़-चढ़ कर रक्तदान हेतु आगे आए है। इनके द्वारा 291 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में रेडक्रॉस प्रबन्ध समिति के सदस्य डॉ. शरद पाटनकर, श्री प्रमोद बाघ, श्री राज अड़तिया और श्री विजय ताम्रकार तथा सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन डॉ. आशिषान मिंज, प्रभारी अधिकारी ब्लड बैंक डॉ. एस.आर. चुरेन्द्र और उनकी पूरी टीम सहित बड़ी संख्या में मुनिन्द्र धर्मार्थ ट्रस्ट से जुड़े लोग उपस्थित थे।

# तिरंगा यात्रा एवं हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा की मंडल स्तरीय बैठक संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 3 जुलाई।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश तथा जिला संगठन प्रभारी रामजी भारती एवं जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के मार्गदर्शन में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा एवं हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से भाजपा जिला भिलाई के अहिवारा, पश्चिम एवं कोहका मंडल में बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में अभियान की रूपरेखा, तिरंगा यात्रा के मार्ग, बूथ स्तर की जिम्मेदारियां, जनसंपर्क अभियान तथा अधिक से अधिक जन भागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जिला संयोजिका एवं जिला उपाध्यक्ष पूनम शुक्ला तथा जिला सहसंयोजक मनोज तिवारी, रश्मि सिंह एवं भारती साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूनम शुक्ला ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का जनआंदोलन है। प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर हर घर तक तिरंगा पहुंचाने और अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करे। जिला सहसंयोजक मनोज तिवारी ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर सुनियोजित तैयारी आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जनसंपर्क कर आमजन को अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। अहिवारा मंडल की बैठक नंदनी खुंदनी साहू भवन में आयोजित हुई। जिला उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार ने कहा कि तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति और जनभागीदारी का महाअभियान है। बैठक में ममता जंघेल, रामजी निर्मलकर, आनंद ताम्रकार, सौरभ जायसवाल, शुभम ताम्रकार, कमलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पश्चिम मंडल की बैठक सेक्टर-6 कालीबाड़ी में हुई। पूर्व नेता प्रतिपक्ष संजय दानी ने कहा कि तिरंगा यात्रा शहीदों के बलिदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। बैठक में मंडल अध्यक्ष गोल्डी सोनी, रामू राव, तारिक खान, सोनाली शिंगने सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कोहका मंडल की बैठक में जिला महामंत्री सुषमा जेठानी ने कहा कि तिरंगा यात्रा राष्ट्र के सम्मान और एकता का प्रतीक है तथा प्रत्येक कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ अभियान को सफल बनाए। बैठक में मंडल अध्यक्ष गोपाल साहू, अक्षय सेन, सोम भट्ट, डॉ. दिनेश साहू, डॉ. विभा बाघमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रशांत शर्मा बने भाजपा पाटन मंडल के आईटी सेल प्रभारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई,3 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल द्वारा रेस्ट हाउस पाटन में आयोजित महत्वपूर्ण आत्मनिर्भर मंडल बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त एवं तकनीकी रूप से प्रभावी बनाने की दिशा में ग्राम घुघुवा(क) निवासी प्रशांत शर्मा को भाजपा पाटन मंडल मंडल अध्यक्ष श्रीमति रानी बंछोर की अनुशंसा पर मंडल प्रभारी संतोष सोनी ने आईटी सेल प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, बैठक में उपस्थित पाटन विधानसभा प्रभारी एवं औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन में केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राजीव अग्रवाल जी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिया, इस नियुक्ति से मंडल स्तर पर पार्टी की आईटी गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। नवनियुक्त आईटी सेल प्रभारी प्रशांत शर्मा ने पार्टी शीर्ष नेतृत्व एवं संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, सक्रियता एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पाटन मंडल का आईटी संगठन और अधिक मजबूत होगा।

## युवा नशे से मुक्त रहेंगे तो देश और समाज भी सशक्त एवं स्वस्थ बनेगाः गजेन्द्र यादव

**दुर्ग, 3 अगस्त ।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का राष्ट्रीय शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम रूंगटा डेंटल कॉलेज, सुपेला, भिलाई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव थे। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के अधिक से अधिक शैक्षणिक संस्थानों, युवा संगठनों, औद्योगिक संगठनों तथा सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्थाओं को अभियान से जोड़ते हुए इसे व्यापक जनभागीदारी का आंदोलन बनाना है, ताकि अधिक से अधिक युवा नशामुक्त भारत के संकल्प से जुड़ सकें। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने विकसित भारत के निर्माण के लिए नशे से दूर रहने का सामूहिक संकल्प दिलाया।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश की लगभग 29 करोड़ जनता को संबोधित किया। नशा भले ही छोटा शब्द है, लेकिन यह अनेक लोगों का जीवन बर्बाद कर देता है।

## समाचार संक्षेप

### पंचशील पंजाबी एसोसिएशन ने किया पौधारोपण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 3 जुलाई।** पंचशील पंजाबी एसोसिएशन द्वारा सेक्टर-5 स्थित पंजाबी पैलेस परिसर में रविवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश मल्होत्रा ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है और प्रत्येक नागरिक को इस दिशा में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में संरक्षक अशोक सूरी, नरेश खोसला, दीपक भाटिया, अरुण हंडा, राकेश ढोड़ी, सलाहकार अजय भसीन सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। महासचिव जितेंद्र उप्पल ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस एवं 3 सितंबर को जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन भी पंजाबी पैलेस, सेक्टर-5 में किया जाएगा।

### इंस्टाग्राम में आपत्तिजनक सामग्री, आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 3 जुलाई।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र के पीड़िता का पीछा कर छेड़छाड़ करने तथा इंस्टाग्राम के माध्यम से अश्लील, अभद्र एवं आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित कर प्रताड़ित करने वाले फरार आरोपी को फरीदाबाद (हरियाणा) से नेवई थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है नेवई टीआई अनिल साहू ने बताया कि थाना नेवई में पीड़िता की लिखित शिकायत पर धारा 296, 351(3), 79, 74, 78(2) एवं धारा 67 सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। शिकायत के अनुसार आरोपी लगभग तीन वर्ष पूर्व नेवई भाठा क्षेत्र में किराए के मकान में निवास करता था। इस दौरान वह पीड़िता का विद्यालय आते-जाते पीछा कर छेड़छाड़ करता था आरोपी द्वारा इंस्टाग्राम के माध्यम से पीड़िता के भाई को अश्लील एवं अभद्र संदेश भेजे जाते थे तथा पीड़िता एवं उसके परिवार की निजी तस्वीरों का बिना अनुमति उपयोग कर उन पर अश्लील, आपत्तिजनक एवं मानहानिकारक टिप्पणियां पोस्ट की जाती थी आरोपी ने सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था विवेचना के दौरान पीड़िता से प्राप्त इंस्टाग्राम स्क्रीनशॉट एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों का सत्यापन करजप्त किया गया तकनीकी जांच एवं लगातार प्रयासों के आधार पर फरार आरोपी की वर्तमान लोकेशन बल्लभगढ़, फरीदाबाद (हरियाणा) में प्राप्त हुई पुलिस टीम वहां पहुंचकर आरोपी को पकड़ा 31 जुलाई को आरोपी को जेएमएफसी, फरीदाबाद (हरियाणा) के न्यायालय में प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया गया ट्रांजिट रिमांड की अवधि पूर्ण होने पर आरोपी सूरज सिंह (36 साल ) को दुर्ग लाकर आज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है?

# लूट के लिए कांग्रेस नेता की चाकू मार कर हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 3 जुलाई ।** दुर्ग से लूट और हत्या का मामला सामने आया है रविवार देर रात धमधा रोड पर चार बदमाशों ने चाकू मारकर कांग्रेस नेता प्रकाश सिंह कश्यप की हत्या कर दी। मृतक धमधा मंडल का कोषाध्यक्ष, ग्राम तुमाकला गांव के पंच और सरपंच के पति थे। आरोपियों ने लूट की नीयत से उन्हें रोका था विरोध करने पर उन पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई घटना जेवरा सिरसा पुलिस चौकी क्षेत्र में करहीडीह और चिखली चौक के बीच की है जानकारी के मुताबिक प्रकाश सिंह कश्यप रविवार रात भिलाई से अपने गांव तुमाकला लौट रहे थे उनके साथ एक अन्य व्यक्ति भी था इसी दौरान एक बाइक पर सवार चार बदमाशों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया विरोध करने पर चाकू से किया हमला बताया जा रहा है कि बदमाश लूट की नीयत से आए थे उन्होंने प्रकाश सिंह कश्यप से मोबाइल और नकदी छीनने की कोशिश की जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई वहीं, उनके साथ मौजूद व्यक्ति किसी तरह वहां से भागकर अपनी मोबाइल और 4 हजार लूटकर फरार वारदात के बाद आरोपी प्रकाश सिंह कश्यप का मोबाइल और करीब 4 हजार रुपए नकद लूटकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही जेवरा सिरसा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी पत्नी है गांव की सरपंच प्रकाश सिंह कश्यप ग्राम तुमाकला के पंच थे। उनकी पत्नी देवती बाई कश्यप वर्तमान में गांव की सरपंच हैं घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है पुलिस की कई टीमें जांच में जुटीं जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला लूट के दौरान हत्या का सामने आया है। आरोपियों की पहचान की जा रही है आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान होते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा फिलहाल मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है

## चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 3 जुलाई।**भिलाई हाईटेंशन टॉवर के पाट्र्स चोरी करने वाले पांच आरोपियों को उतई थाने पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी वाहन जब्त की है उतई टीआई मोहन भारद्वाज ने बताया कि प्रार्थी नितीश कुमार सिन्हा निवासी ग्राम गुरेदा थाना गुण्डरदेही ने थाना उतई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अभियंत्री इंटरप्राइजेस प्राइवेट लिमिटेड में साइट इंचार्ज के पद पर कार्यरत है कंपनी का अस्थायी स्टोर रमेश कॉम्प्लेक्स के पास डुमरडीह से डुण्डेरा रोड स्थित ग्राम डुण्डेरा में संचालित है, जहां हाईटेंशन टावर निर्माण कार्य हेतु सामग्री रखी गई थी रात्रि में अज्ञात व्यक्तियों ने स्टोर से हाईटेंशन टावर के पाट्र्स (ब्रसिंग एंगल एवं ज्वाइंट हैंगर फिटिंग सामग्री) चोरी कर लिया रिपोर्ट पर थाना उतई में धारा 303(2), 3(5), 317 (2) भ्के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण, सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण, तकनीकी साक्ष्यों का संकलन एवं मुखबिर सूचना के आधार पर संदेहियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने छोटा हाथी वाहन से चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया तथा चोरी की गई सामग्री कबाड़ी को बेचना बताया। आरोपियों के बताए अनुसार चोरी गई संपत्ति बरामद कर सभी आरोपियों को विक्रम सिंह (23 साल ) निवासी वार्ड - 46 खुर्सीपार, बिट्टू यादव (27 साल ) निवासी सेक्टर-11 खुर्सीपार, नेग सिंह (32 साल ) निवासी शिवाजी नगर खुर्सीपार, नरेन्द्र कुमार (30 साल ) निवासी वार्ड -51 शिवाजी नगर खुर्सीपार व मनोज उर्फ मन्नु गुप्ता (40 साल ) निवासी महात्मा गांधी नगर पावर हाउस को गिरफ्तार किया है ।



# जयंती पर पं.रविशंकर शुक्ल को श्रद्धांजलि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 3 जुलाई।** अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं जननेता स्व. पंडित रविशंकर शुक्ल की जयंती के अवसर पर 2 अगस्त को भिलाई के सेक्टर-9 स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के सम्मुख स्थित पं. शुक्ल की प्रतिमा के समक्ष समारोह का आयोजन कर स्मरण किया पुष्पांजलि अर्पित की गयी। रविशंकर शुक्ल जयंती समारोह के आयोजन में पूर्व केन्द्रीय मंत्री और प्रखर राजनेता स्व. विद्याचरण शुक्ल को भी उनके जन्मदिवस पर याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, पूर्व विधायक अरुण वोरा, विधायक देवेन्द्र यादव, मेयर नीरज पाल, धीरज बाकलीवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और रैली के नेतृत्वकर्ता मुकेश चंद्राकर, महिला कांग्रेस से पूर्व विधायक श्रीमती प्रतिभा चंद्राकर और शुक्ल परिवार की सदस्य श्रीमती माया रानी शुक्ल ने भिलाई और शुक्ल परिवार के योगदान की चर्चा की और भिलाई ने प्रदेश और देश के लिए क्या योगदान दिया है और इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही पं रविवार शुक्ल और पं विद्याचरण शुक्ल के व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर देवेन्द्र यादव ने अपने संबोधन में युवाओं और भिलाई निवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि संयंत्र की स्थापना से क्षेत्र और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश के विकास का आधार और रीढ़ की हड्डी भिलाई ने 71 वर्ष के जीवन काल में बहुत कुछ दिया हैं। भिलाई का स्टील, शिक्षा, संस्कृति, खेल और विकास में नाम और पहचान दी हैं। पर अब संयंत्र और भिलाई उजड़ रहा हैं। इसे उजडने से बचना होगा। हम सभी कांग्रेसजनों और भिलाई वासियों को अपने भिलाई को बचाना होगा और आदरणीय कक्का जी के सपनों को जीवित रखना होगा। उन्होंने संयंत्र को प्रदेश की आर्थिक रीढ़ की हड्डी निरूपित करते हुए कहा कि भिलाई की रक्षा के लिए हम सब अपना सब कुछ न्योछावर करने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम का संचालन पं रविशंकर शुक्ल सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति के सचिव मनोज मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन दुर्ग के पूर्व महापौर आर एन वर्मा ने किया। इस अवसर सीजू एंथोनी, जी याकूब, शाम के सिंह, अल्ताफ अहमद, पूर्व पार्षद कोर्मा राव, धनुष साहू, पूर्व पार्षद एवं श्रमिक नेता प्रभुनाथ मिश्र, पूर्व महापौर सुश्री नीता लोधी, अशोक गिरी सहित जिला कांग्रेस के अन्य पदाधिकारीगण, कांग्रेस सेवादल के सदस्य, स्मृति नगर सोसायटी के अध्यक्ष राजीव चौबे, भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व महाप्रबंधक प्रशान्त तिवारी, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच से स्वदेश शुक्ल, जय शुक्ल, श्याम तिवारी, राकेश मिश्रा, युवा नेता सौमित्र तिवारी, आर डी कोरी सहित भिलाई बिरादरी के अनेक सदस्य और भारी संख्या में इस्पात नगरी के उपस्थित लोगों ने पं. रविशंकर शुक्ल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस आयोजन के बाद जिला एवं ग्रामीण कांग्रेस के सदस्यों की भिलाई बचाओ रैली रायपुर के लिए रवाना हुई।

## निधन

### दयाशंकर मिश्रा

**भिलाई, 3 जुलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत उप मुख्य औद्योगिक अभियंता, सेक्टर-5 निवासी दया शंकर मिश्रा का



स्वर्गवास 24 जुलाई को उनकी सुपुत्री के निवास धनबाद में हो गया। वे अपने पीछे धर्मपत्नी शोभा मिश्रा, पुत्री मीरा मिश्रा, दामाद प्रो. अरविन्द कुमार मिश्रा, पौत्री वर्तिका मिश्रा एवं पौत्र वत्सल मिश्रा सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए ।

## एक नजर

### लवन पुलिस की तत्परता रंग लाई, 9 वर्षीय बेटे सहित गुम महिला 24 घंटे में बरामद

**बलौदाबाजार 3 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में आम नागरिकों एवं महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में लवन पुलिस द्वारा संवेदनशीलता व तत्परता की एक मिसाल पेश की गई है। थाना लवन क्षेत्रांतर्गत ग्राम से अचानक लापता हुई महिला एवं उसके 09 वर्षीय मासूम बेटे को पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद महज 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है। दिनांक 01.08.2026 की रात्रि लगभग 11:00 बजे थाना लवन में सूचना प्राप्त हुई कि क्षेत्र के ग्राम की एक महिला अपने 09 वर्ष के पुत्र के साथ बिना बताए कहीं चली गई है और लापता है। रात का समय और मासूम बच्चे की मौजूदगी को देखते हुए मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया गया। थाना लवन पुलिस द्वारा बिना कोई समय गंवाए तत्काल खोजबीन अभियान प्रारंभ किया गया। पुलिस टीम द्वारा संभावित ठिकानों, रिश्तेदारों, सार्वजनिक स्थलों व तकनीकी माध्यमों की मदद से लगातार की गई सघन पतासाजी के परिणामस्वरूप दिनांक 02.08.2026 को उक्त महिला एवं उसके 09 वर्षीय पुत्र को सकुशल खोज निकाला गया। ?तत्पश्चात आज दिनांक 02.08.2026 को दोपहर 02:00 बजे थाना लवन में मां-बेटे को लाकर विधिवत दस्तयाबी (दस्तयाब पंचनामा) की कार्रवाई संपन्न की गई। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया एवं परिजनों से काउंसलिंग के उपरांत दोनों को सुरक्षित उनके परिवार के सुपुर्द कर दिया गया। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के महज 24 घंटे के भीतर अपने परिजनों को सुरक्षित पाकर परिवार के सदस्यों की आंखें खुशी से भर आईं। परिजनों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने थाना लवन पुलिस की त्वरित कार्यशैली, संवेदनशीलता की भूरि-भूरि सराहना करते हुए पुलिस का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### ऑनलाइन डिलीवरी ब्वाय की पहचान सुनिश्चित करने शासन मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करे : इदरीस गांधी

**रायपुर, 3 अगस्त।** छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने राज्य शासन से मांग की है कि विशेष रूप से देर रात ऑनलाइन डिलीवरी करने वाले डिलीवरी बॉय की पहचान सुनिश्चित करने के लिए मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि Zomato, Swiggy, Blinkit, toing, Instamart सहित अन्य ऑनलाइन डिलीवरी सेवाओं के डिलीवरी बॉय देर रात तक रायपुर शहर सहित प्रदेश के अनेक शहरों की आवासीय कॉलोनियों, अपार्टमेंट और गेटेड कैंपस में पहुंचते हैं। ऐसे में नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनकी पहचान सुनिश्चित करने की प्रभावी व्यवस्था आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अधिकांश ऑनलाइन डिलीवरी बॉय पूरी ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं, लेकिन यदि कोई असामाजिक तत्व डिलीवरी बॉय का वेश धारण कर देर रात किसी कॉलोनी या आवासीय परिसर में प्रवेश कर जाए, तो यह गंभीर सुरक्षा चुनौती बन सकती है। देश के विभिन्न हिस्सों में फर्जी डिलीवरी एजेंट से जुड़े मामले सामने आने के बाद इस विषय पर समय रहते ठोस सुरक्षा व्यवस्था विकसित करना आवश्यक हो गया है। इदरीस गांधी ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि विशेष रूप से देर रात ऑनलाइन डिलीवरी करने वाले डिलीवरी बॉय के लिए समय-समय पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाए। अभियान के दौरान उनकी पहचान, कंपनी से संबद्धता, आवश्यक दस्तावेजों, यातायात नियमों के पालन तथा आवश्यकता पड़ने पर नशे की हालत में वाहन चलाने की भी जांच की जाए। इससे फर्जी डिलीवरी एजेंट बनकर अपराध करने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगेगा, ईमानदार डिलीवरी बॉय की विश्वसनीयता बढ़ेगी और आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास भी मजबूत होगा।

### स्मार्ट मीटर संबंधी भ्रांतियों का आधिकारिक आंकड़ों से मिला स्पष्ट उत्तर

**रायपुर, 3 अगस्त।** रायपुर सिटी रीजन के जून एवं जुलाई 2026 के बिजली उपभोग के आधिकारिक आंकड़ों के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ है कि जुलाई माह में बिजली की खपत में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। जून 2026 में कुल बिजली खपत 131.27 मिलियन यूनिट (एमयू) थी, जो जुलाई में घटकर 89.38 मिलियन यूनिट रह गई। इस प्रकार एक माह में बिजली खपत में 31.91 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि अधिक बिजली उपयोग करने वाले सभी उपभोक्ता वर्गों में खपत के साथ-साथ उपभोक्ताओं की संख्या में भी कमी आई है। 600 यूनिट से अधिक बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या में 64.23 प्रतिशत तथा उनकी कुल बिजली खपत में 38.13 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इसी प्रकार 401 से 600 यूनिट श्रेणी में उपभोक्ताओं की संख्या 33.99 प्रतिशत तथा बिजली खपत 32.58 प्रतिशत घटी है। विश्लेषण से यह भी सामने आया है कि राज्य शासन की हाफबिजली बिल योजना का सकारात्मक प्रभाव उपभोक्ताओं के बिजली उपयोग के स्वरूप में दिखाई दे रहा है। जून माह में 400 यूनिट तक बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 1 लाख 96 हजार 777 थी, जो जुलाई में बढ़कर 2 लाख 56 हजार 471 हो गई। यह 30.34 प्रतिशत की वृद्धि है। वहीं 400 यूनिट से अधिक बिजली उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 1 लाख 20 हजार 615 से घटकर 60 हजार 921 रह गई, जो लगभग 50 प्रतिशत की कमी है। इससे यह संकेत मिलता है कि बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपनी बिजली खपत को 400 यूनिट के भीतर रखने का प्रयास किया, जिससे उन्हें शासन की राहतकारी योजना का लाभ मिल सके। आंकड़ों के अनुसार 0 से 100 यूनिट श्रेणी में उपभोक्ताओं की संख्या 53.12 प्रतिशत तथा 101 से 200 यूनिट श्रेणी में 51.79 प्रतिशत बढ़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मी का मौसम समाप्त होने, एयर कंडीशनर एवं कूलर जैसे विद्युत उपकरणों के उपयोग में कमी आने तथा ऊर्जा संरक्षण के प्रति बढ़ती जागरूकता का भी बिजली खपत में आई कमी पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

# क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी का शांति पूर्वक आंदोलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 3 अगस्त।** पिछले 2.5साल से सिविल ठेकेदार के रूप में कार्य कर रहे राधेश्याम साहू का काम पूरा होने पर कंपनी के द्वारा तीन महीने का बकाया राशि 80लाख रुपये देने से आनाकानी किया जा रहा था ,लगभग 5महीने बीत जाने के बाद ठेकेदार के द्वारा छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना को मदद कि गुहार लगाई गई ,जिसके बाद संगठन के पदाधिकारियों और ठेकेदार के द्वारा के साथ कंपनी प्रबंधन के मिश्रा के साथ से बार बार बैठक किया गया,आपको बता दे की क्रांति सेना और जोहर छत्तीसगढ़ पार्टी के पदाधिकारियों और ठेकेदार राधेश्याम साहू ने बताया की गौरी गणेश कंपनी



कम्पनी में कार्यरत अधिकारी मिश्रा के ऊपर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा की की मिश्रा के द्वारा पीड़ित को गुमराह किया जाता है यह पहला मामला नहीं है इससे पहले भी उनके द्वारा पीड़ितों को घुमाया गया है ,किसी का भी फोन रिसीव नहीं करते ,मेसेज करते है तो जवाब नहीं देते ,मिलने पर सीधा सीधा बोल देते है की आपका कोई फोन और मेसेज नहीं आया है ,पीड़ित पक्ष से मोल भाव करते है ,बोलते कुछ है करते कुछ है क्रांति सेना और जोहर छत्तीसगढ़ पार्टी के पदाधिकारियों ने कम्पनी प्रबंधन से ऐसे अधिकारियों को कम्पनी से निकालने को कहा है

अंततः छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी श्रम विभाग अधिकारी थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर आंदोलन की सूचना दिया गया ,जहाँ छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के बैनर तले ठेकेदार ,मजदूर ,ग्रामीण जन के साथ जबर आंदोलन का आगाज किया , आंदोलन कि तेवर को देखते हुए ,थाना प्रभारी,श्रम विभाग अधिकारी एवं तहसीलदार के द्वारा दोनों पक्षों कि बीच मामले का निराकरण किया गया ,जिसमे कंपनी के द्वारा बिल का लेखा जोखा देख कर दोनों पक्षों में आपसी सहमति स्थापित किया गया ,और आगामी सोमवार तक कंपनी को बिल का डिटेल ठेकेदार को उपलब्ध करा कर ,बिल मिलान के बाद भुगतान राशि देने कि बात कही गई , इधर छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के पदधिकारियों का कहना है कि कंपनी के अधिकारी मिश्रा और प्रबंधन के द्वारा मनमानी और गुमराह किया जा रहा था ,और आगामी सोमवार को ठेकेदार को संतुष्ट राशि नहीं देने पर आगे उग्र आन्दोलन किया जा सकता है।

# ज्ञानेश्वरी के स्वागत में निकलेगी बाइक रैली

## 4 अगस्त को होगा भव्य अभिनंदन

- ■ गौरव पथ ऑडिटोरियम में आयोजित होगा समारोह
- ■ शहर की सामाजिक संस्थाएं करेंगी सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 3 अगस्त।** स्कॉटलैंड के ग्लासगो में भारतीय वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव ने इतिहास रच दिया है. उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं की 53 किग्रा. वर्ग में कैटेगिरी में कुल वजन 199 किग्रा. (स्नैच में 88 किग्रा. +क्लीन एण्ड जर्क में 111 किग्रा.) वजन उठाकर भारत को रजत पदक दिलाया. इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद ज्ञानेश्वरी यादव का 4 अगस्त को प्रथम नगर आगमन हो रहा है. उनके स्वागत और सम्मान के लिए राजनांदगांव नगर पालिक निगम, जिला वेटलिफ्टिंग संघ तथा जय भवानी व्यायाम शाला द्वारा भव्य बाइक रैली और अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जा रहा है.

ज्ञानेश्वरी यादव छ.ग. प्रदेश में पुलिस में एएसआई है. यह पद 2022 में जूनियर वर्ल्ड ग्रीस में आयोजित वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सिल्वर पदक प्राप्त करने पर तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदान किया गया था. उनके प्रशिक्षक अजय लोहार को 5 लाख रूपये की राशि सम्मान के रूप में प्रदान किया गया था.

जय भवानी व्यायाम शाला के संरक्षक अजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष अमित आजमानी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञानेश्वरी यादव राजनांदगांव जय भवानी व्यायाम शाला में अपनी वेटलिफ्टिंग की प्रारंभिक ट्रेनिंग प्राप्त करने वाली प्रतिभाशाली खिलाड़ी मोहारा के पास, भोडिया में निवासरत रही. वर्तमान में कौरिनभाठा में निवासरत है. कॉमन वेल्थ गेम्स में रजत पदक प्राप्त कर ज्ञानेश्वरी यादव भारत, छत्तीसगढ़ एवं हमारे जिले का नाम गौरवान्वित किया है उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर नगर पालिक निगम राजनांदगांव एवं जय भवानी व्यायाम शाला, जिला वेटलिफ्टिंग संघ के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है जो कि गौरव पथ आडिटोरियम राजनांदगांव में दोपहर 12 बजे आयोजित है.

कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक मधुसूदन यादव महापौर नगर पालिक निगम राजनांदगांव एवं अमित आजमानी अध्यक्ष जिला वेटलिफ्टिंग संघ जय भवानी व्यायाम शाला राजनांदगांव ने शहर के सभी सामाजिक संस्था, खेल संस्था, महिला मंडल को अपील की है कि अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान करें एवं खिलाड़ी एवं कोच का उत्साहवर्धन और प्रोत्साहन करें. जिससे वह ओलंपिक टूर्नामेंट में अपना मुकाम हासिल कर सकें.

ज्ञानेश्वरी यादव के राजनांदगांव आगमन 4 अगस्त को होगा. जिले के सभी खेल संघों, खेल प्रेमी एवं सामाजिक संस्थाओं के द्वारा बाईक रैली गायत्री मंदिर चौक दिल्ली दरवाजा चौक से प्रारंभ होगा, कामठी लाईन, भारत माता चौक, सिनेमा लाईन, महाकाल चौक होते हुए जयस्तंभ चौक, जय भवानी व्यायाम शाला में पूजा अर्चना होगी. पुनः गांधी चौक, दुर्गा चौक होते हुए इंदिरा नगर चौक, गौरवपथ होते हुए आडिटोरियम में सम्मान समारोह आयोजित होगा. उक्त आयोजन में प्रमुख योगदान जय भवानी व्यायाम शाला के शेख वसीम, शशांक तिवारी, बसंत मैगी, विवेक रंजन सोनी, अशोक श्रीवास, नीरज शुक्ला, नीतिन शर्मा, दीपक ठाकुर, दीपक सोनी, मनोज यादव रहेंगे.

इस आयोजन में राजनांदगांव के सामाजिक संगठन गुरूसिंग सभा, छात्र युवा मंच, यादव (कोसरिया) समाज, साहू समाज, सकल जैन समाज, यादव समाज (ठेठवार), लायंस क्लब, चेम्बर ऑफ कामर्स, स्टेडियम समिति, जिला सतनामी समाज, मुस्लिम समाज, जय भवानी व्यायाम शाला, उदयाचल, पूज्य सिंधी समाज लालबाग, बॉडी टेक जिम, जिला वेटलिफ्टिंग संघ, बौद्ध समाज, राजपूत महिला मंडल, ओ कान्हा महिला मंडल, छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज सुंदरा, मिनीमाता महिला मंडल नंदई, सिन्हा समाज, कांग्रेस खेलकूद प्रमोष्ठ आदि के पदाधिकारी उपस्थित होकर कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करें ऐसी अपील की गई. उक्त जानकारी जिला वेटलिफ्टिंग के सचिव अशोक श्रीवास ने दी.

# तिल्दा-नेवरा में नशा मुक्ति महाअभियान, शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों को दिलाई जा रही नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 3 अगस्त।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, तिल्दा-नेवरा सेवा केंद्र द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान एवं मिशन स्पंदन के अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराकर स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशा मुक्त भारत का निर्माण करना है। अभियान के तहत तिल्दा-नेवरा के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने परिवार और समाज को भी नशा मुक्त बनाने की प्रेरणा दी जा रही है। साथ ही विद्यार्थियों को नशा मुक्ति प्रतिज्ञा दिलाकर इस जनआंदोलन से जोड़ा जा रहा है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि 6 अगस्त से 20 अगस्त 2026 तक चलने वाले इस महाअभियान का लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर विकसित एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करना है। संस्था ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा लें तथा अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी इस जनहितकारी अभियान से जोड़कर समाज को नशा मुक्त बनाने में सहयोग करें।

# फर्जी एनओसी के आरोप पर ग्रामीणों का आंदोलन, 5 अगस्त से ग्राम पंचायत भवन में अनिश्चितकालीन तालाबंदी की चेतावनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 3 अगस्त।** तिल्दा विकासखंड के ग्राम पंचायत देवरी के ग्रामीणों ने सरपंच एवं सचिव पर कूटरचना कर एक उद्योग के पक्ष में फर्जी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत की जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन आज दिनांक तक सरपंच एवं सचिव के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो 5 अगस्त से ग्राम पंचायत देवरी भवन के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन तालाबंदी कर शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक दोषियों पर उचित कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कदम उठाने की मांग की है। वहीं, इस मामले में प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# शक्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया ग्रीन एवं रेनी डे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 3 अगस्त।** शक्ति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, सिमगा में 01 अगस्त 2026 को विद्यार्थियों के लिए ग्रीन डे एवं रेनी डे का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा वर्षा ॠतु के महत्व से परिचित कराना था। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को हरे रंग की आकर्षक सजावट से सजाया गया तथा विद्यार्थियों ने हरे रंग की वेशभूषा में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण पर आधारित भाषण, कविता, गीत, नृत्य एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगी छतरियों और रेनकोट के साथ रेनी डे थीम पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को



पौधारोपण, जल संरक्षण एवं स्वच्छ पर्यावरण के महत्व की जानकारी दी।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शोभा सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उप-प्राचार्य डॉ. आकाश सोनी ने वर्षा ॠतु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रकृति के संरक्षण एवं जल बचाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की व्याख्याता श्रीमती स्मिता सोनी, श्री अभिषेक जैन, श्री फिरोज कुरैशी एवं श्री मोरजध्वज साहू सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की शपथ एवं प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने के संकल्प के साथ हुआ।

### विद्यार्थियों और युवाओं ने प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन सुना

**रायपुर,3 अगस्त।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत (माई भारत) द्वारा देशव्यापी 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के युवाओं को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए नशा मुक्त भारत के निर्माण का आह्वान किया तथा 100 सप्ताह तक चलने वाले अभियान की शुरुआत की। इसी क्रम में मेरा युवा भारत, कवर्धा द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम विद्यालय, दुर्गावती चौक, कवर्धा में स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं युवाओं ने प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन देखा और सुना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवर्धा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं जिम्मेदार जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई और समाज में जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

# सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम पदुमतरा में मॉडल संकुल संगठन एवं सीएमटीसी का किया अवलोकन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 अगस्त।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पदुमतरा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत संचालित मॉडल संकुल संगठन एवं सीएमटीसी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने लखपति दीदी, कैडर व संकुल पदाधिकारी से चर्चा की और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा स्वसहायता समूह के 60 सदस्यों को 9 दिवसीय सोलर दीदी का प्रशिक्षण प्रदाय किया जा रहा है। उन्होंने संकुल एवं सीएमटीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इसके बाद सीईओ जिला पंचायत श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने स्टेट हाई स्कूल पहुंचकर सोलर दीदियों से मुलाकात की। उन्होंने सोलर दीदियों से चर्चा की एवं उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सोलर दीदी के माध्यम से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक सोलर स्थापित कराएं।

# तीन घंटे में सुलझी ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी महिला की हत्या के आरोप में देवर गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 3 अगस्त।** पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ और साइबर थाना की संयुक्त टीम ने ग्राम पेण्डरवानी में हुई एक महिला की संदिग्ध मौत के मामले का मात्र तीन घंटे में खुलासा करते हुए हत्या के आरोपी देवर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार की है।

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के दिशा-निर्देशन में पुलिस ने महिला की संदिग्ध मृत्यु की सूचना मिलते ही विशेष टीम गठित कर मामले की त्वरित जांच शुरू की।




पुलिस के अनुसार, 31 जुलाई 2026 को ग्राम पेण्डरवानी निवासी 28 वर्षीय तामेश्वरी साहू का शव उनके घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पेण्ड्री लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों एवं वैज्ञानिक अधिकारियों की मौजूदगी में घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा साक्ष्य एकत्रित किए।

शव का पोस्टमार्टम शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पेण्ड्री में कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत गला घोंटने से दम घुटने के कारण होना पाया गया। इसके बाद पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई।

विवेचना में सामने आया कि मृतका द्वारा आरोपी देवेन्द्र साहू को बार-बार काम नहीं करने और घर में खाली बैठे रहने को लेकर टोका जाता था। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने कथित रूप से साड़ी से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी *देवेन्द्र साहू (32 वर्ष), निवासी ग्राम पेण्डरवानी* के विरुद्ध पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ में अपराध क्रमांक 334/2026 के तहत धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत मामला दर्ज किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपराध स्वीकार कर लिया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल राजनांदगांव भेज दिया गया। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, सहायक उप निरीक्षक चुन्नीलाल साहू, प्रधान आरक्षक लोकनाथ वर्मा, आरक्षक विजेन्द्र सिंह, चंद्रशेखर यादव, विकास राजेत्री, महिला आरक्षक पेमिन कतलाम, महिला सैनिक उषा वर्मा तथा साइबर थाना के आरक्षक मनीष वर्मा, हरीश ठाकुर सहित संयुक्त टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### दिव्यांग सशक्तिकरण की नई राह: आसान ऋण और प्रशिक्षण से मिली आत्मनिर्भरता

**रायपुर, 3 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सरकार की दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम योजना दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आसान ऋण, कम ब्याज दर, प्रशिक्षण और बाजार की सुविधा मिलने से कई दिव्यांगजन अपने छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू कर आर्थिक रूप से मजबूत बन रहे हैं। ऐसी ही एक प्रेरक कहानी है श्री सोना थालिया की। उन्होंने निगम से ऋण लेकर स्वरोजगार शुरू किया और समय पर ऋण की अदायगी भी की। उनकी मेहनत और ईमानदारी को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। उनकी सफलता से अन्य दिव्यांगजन भी प्रेरित हो रहे हैं। दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष श्री लोकेश कावड़िया ने समीक्षा बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार दिव्यांगजनों को सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

## जरूरत थी कड़े कानून की और वह बन गया है

देश में पिछले एक दो दशक से राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगी,प्रवेश परीक्षा या किसी पद विशेष के लिए होने वाली परीक्षा हो उसके पेपर लीक होना एक बड़ी समस्या के रूप मे सामने आया है और इस समस्या के समाधान के लिए और कड़े कानून की मांग भी देश में युवाओं की तरफ से की जा रही थी।युवाओं का मानना था कि देश में पेपर लीक रोकने के लिए कानून तो हैं लेकिन कड़ा कानून नहीं है, इससे पेपर लीकर करने वालों को पेपर लीक करते हुए कोई डर नहीं होता है और यह डर न होने के कारण आए दिन किसी भी राज्य या केंद्र स्तर की कोई प्रतियोगी परीक्षा,प्रवेश परीक्षा हो तो उसका पेपर लीक कहीं न कहीं कर दिया जाता है।हाल में नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद परीक्षा फिर से आयोजित की गई इसके बाद पेपर लीक को लेकर पिछले एक दो महीने से देश के युवा में गहरी नाराजगी थी और वह चाहते थे कि इसे रोकने के लिए सरकार कड़ा कानून बनाए और जो भी तकनीकी सुधार हो सकते हैं, वह सुधार भी जल्द किया जाए।मोदी सरकार ने कड़ा कानून बना दिया है,राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वह पूरे देश में लागू हो गया है और तकनीकी सुधार के लिए एक तकनीकी विशेषज्ञों की समिति बनाकर एक कदम भी उठाया है। पेपर लीक रोकने केलिए सरकार की तरफ से जो कुछ जल्द से जल्द हो सकता था, वह तो कर दिया गया है।लेकिन विपक्ष व सीजेपी से युवाओं को जो उम्मीदें थी, वह पूरी नहीं हुई है क्योंकि उनका लक्ष्य बेहतर परीक्षा व्यवस्था बनवाना था ही नहीं। जब भी किसी देश प्रदेश में किसी मुद्दे को लेकर युवाओं में नाराजगी पैदा होती है तो उसका लाभ उठाने वाले भी सामने आ जाते हैं तो पेपर लीक को लेकर युवाओं में हुए पैदा हुए असंतोष व गुस्से को देखते हुए अभिजीत दीपके ने काकरोच जनता पार्टी बनाकर मौके का फायदा उठाया।वह युवाओं के संगठन व नेता के रूप में सामने आया। सीजेपी के झंडे तले अनशन व आंदोलन किया। लेकिन उसका लक्ष्य न तो कड़ा कानून बनवाना था और न ही तकनीकी सुधार कैसे हो सकता है, बताना था।सीजेपी युवाओं का आंदोलन था लेकिन वह शिक्षामंत्री के इस्तीफे तक ही सीमित रह गया। एक महीने के आंदोलन के बाद शिक्षामंत्री ने इस्तीफा दिया और सीजेपी वाल खुश हो गए कि उनका आंदोलन सफल रहा। इससे युवा ठगे रहे गए क्योंकि वह जानते समझते हैं कि शिक्षामंत्री के इस्तीफे से पेपर लीक होना थोड़ी न बंद हो सकता है। उनकी जो भी समस्याएं हैं वह हल थोड़ी न होती हैं।युवा जो चाहते थे संसद के बाहर वह न तो सीजेपी ने किया और संसद के भीतर न तो कांग्रेस व विपक्ष ने किया संसद के भीतर पेपर लीक रोकने लाए गए संशोधन विधेयक पर कांग्रेस सहित विपक्ष के तमाम नेता और बेहतर सुझाव दे सकते थे. यह विपक्ष का सकारात्मक कदम होता है, युवाओं को भी लगता कि सरकार के साथ ही विपक्ष भी पेपर लीक रोकने के लिए कुछ करना चाहता है।सरकार के साथ ही कांग्रेस व विपक्ष भी युवाओं की समस्या हल करना चाहता है।विपक्ष की सकारात्मक छवि के लिए विपक्ष को यह करना था लेकिन विपक्ष ने राहुल गांधी के नेतृत्व में फिर साबित किया की कि विपक्ष का काम संसद के भीतर सरकार के हर अच्छे कदम का विरोध करना है,संसद में हंगामा करना है, संसद नहीं चलने देना है।जिस विषय में बहस हो रही हो, उस विषय में कुछ अच्छा कहने की जगह विवाद को बढ़ावा देने वाली बाते कहना है।विपक्ष के नेताओं ने कहा कि सुधार से कुछ नहीं होगा,सजा बढ़ाने से समस्या का समाधान नहीं होगा।कानून तो पहले से बने हैं लेकिन उससे परीक्षा पेपर लीक होना बंद हुआ क्या। वहीं सरकार की तरफ से कहा गया कि युवाओं की मांग सख्त कानून बनाने की सरकार ने सख्त कानून बना दिया है,इससे अब पेपरलीक करने वालों में डर पैदा होगा कि वह पकड़े गए तो उनके सख्त सजा मिलेगी, करोड़ों रुपए जुर्माना देना पड़ेगा,समयबध्द सुनवाई से जल्द फैसला होगा। नीट पेपर लीक रोकने का सख्त कानून संसद से पास होने के बाद मंजूरी के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास भेजा गया था और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वह पूरे देश में शुक्रवार रात से लागू हो गया है।खास बात यह रही कि यह सख्त कानून महज तीन दिन में दोनों सदनों से पारित होकर राष्टपति की मंजूरी के बाद देश में लागू हो गया यानी जितनी जल्दी हो सकता था सरकार ने युवाओं के हित में एक कड़ा बनाकर पारित कराकर लागू करवा दिया है।इससे पता चलता है कि सरकार युवाओं की मांग को पूरा करने, उनकी समस्या को हल करने के लिए कितनी संवेदनशील है।नया कानून लागू होने के बाद कोई पेपर लीक करता है तो व्यक्तिगत तौर पर पांच साल की सजा होगी और पचास लाख रुपए जुर्माना होगा।वहीं एजेसी व संगठित रूप से यह अपराध करने पर १० साल की सजा व दस करोड़ रुपए का जुर्माना होगा। सबसे अच्छी बात यह है कि पेपर लीक मामले में जांच व मुकदमे की समयसीमा पांच माह तय की गई है यानी पेपर लीक करने वाले को पांच माह में सजा मिलेगी।यह सच है कि कानून बनने से अपराध रूकते नहीं है लेकिन यह भी सच है कि अपराध के लिए जब कड़े कानून बनते हैं तो उसका असर अपराध करने वालों पर पड़ता है,उनमें डर पैदा होता है कि अब ज्यादा सजा होगी,जल्द सजा होगी और जुर्माना ज्यादा देना होगा। यही वजह है कि वक्त बदलने के साथ ही कड़े कानून की मांग देश के लोग व युवा करते हैं और कड़े से कड़े कानून बनाए जाते हैं।

**विश्लेषण**

# देश भर में काली कमाई का अंबार लगाते भ्रष्टाचारी अधिकारी

**मनोज कुमार अग्रवाल**



बिहार की आर्थिक अपराध इकाई ने लघु सिंचाई प्रमंडल, सासाराम के एग्जिक्यूटिव इंजीनियर अरविंद कुमार चौधरी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। आर्थिक अपराध की टीम ने बुधवार सुबह उनके 6 अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। सत्यापन के दौरान यह प्रथमदृष्टया सामने आया कि अरविंद कुमार चौधरी ने 1,19,98,534 रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। एजेंसी का दावा है कि यह उनकी ज्ञात आय से करीब 85.05 प्रतिशत अधिक है। इसी आधार पर तलाशी की कार्रवाई की जा रही

जांच टीमें एक साथ 6 अलग-अलग ठिकानों पर तलाशी अभियान चला रही हैं। इनमें पटना के दानापुर स्थित आदमपुर में वीनस पैराडाइज अपार्टमेंट के चौथे टावर का फ्लैट नंबर-405, आशोपुर स्थित वीनस इम्पायर का फ्लैट नंबर-1301 (यूनिट-01), मुजफ्फरपुर के महामाया स्थान स्थित मकान नंबर-66, सासाराम स्थित लघु सिंचाई प्रमंडल का कार्यपालक अभियंता कार्यालय, डेहरी ऑन सोन का सरकारी आवास और बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र के पीपराडीह गांव स्थित अरविंद कुमार का पैतृक मकान शामिल हैं।छापेमारी के दौरान सामने आई तस्वीरों में बड़ी मात्रा में कैश, सोने और चांदी के गहने, चांदी के सिक्के, कीमती घड़ियां, चांदी के बर्तन और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज दिखाई दे रहे हैं। एक तस्वीर में नोटों की कई गड्डियां, घड़ियां और चांदी के बर्तन रखे हुए नजर आते हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में सोने के हार, कंगन, झुमके, अंगूठियां, चांदी के सिक्के और अन्य आभूषण व्यवस्थित तरीके से बॉक्स में रखे दिखाई दे रहे हैं। हालांकि इन सामानों का अंतिम मूल्यांकन तलाशी पूरी होने और जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।फिलहाल आर्थिक अपराध शाखा की तलाशी की कार्रवाई जारी है और अलग-अलग जगहों को खंगाला जा रहा है। आपको बता दें कि मई में भी बिहार के एक सरकारी इंजीनियर के यहां हुई छापेमारी में भारी मात्रा में संपत्ति मिली थी।

भारत में भ्रष्टाचारी अधिकारियों की धर-पकड़ और उनसे अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्ति को जब्त (राजसात) करने के लिए बेहद कड़े कानूनी प्रावधान और सक्रिय जांच एजेंसियां काम कर रही हैं। हाल ही में जुलाई 2026 में ही उत्तर प्रदेश विजिलेंस और कर्नाटक लोकायुक्त द्वारा की गई बड़ी छापेमारी इस बात का जीवंत उदाहरण हैं, जहां भ्रष्ट अधिकारियों के गुप्त लॉकरों से करोड़ों रुपये नकद और किलो के हिसाब से सोना बरामद किया गया है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश सतर्कता विभाग ने जुलाई 2026 में आगरा के पूर्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ललित कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में एक बड़ी कार्रवाई की है. विजिलेंस टीम ने उनके लखनऊ स्थित अलीगंज आवास पर छापेमारी कर करीब ₹35 करोड़ की बेहिसाब संपत्ति का खुलासा किया है, जिसके बाद उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कानूनी जांच और कार्रवाई को तेज कर दिया गया है. उत्तर प्रदेश सतर्कता विभाग की छापेमारी में 1.62 करोड़ नकद मिले.लगभग 13 किलोग्राम सोना और 9 किलोग्राम चांदी (बिस्किट, बार और आभूषण के रूप में) जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब ₹20 करोड़ आंकी गई है. लखनऊ, नोएडा, बाराबंकी और रायबरेली में कई मकानों, भूखंडों (प्लॉट्स), फ्लैटों और कृषि भूमि से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए हैं, जिनकी कीमत ₹13 करोड़ के आसपास है.बैंक खातों, म्यूचुअल फंड, फिक्स्ड डिपॉजिट और पोस्ट ऑफिस स्कीमों में ₹1 करोड़ से अधिक के निवेश के दस्तावेज मिले. इसके अलावा दो लग्जरी कारें इनोवा और आइ20 और एक रिवॉल्वर भी बरामद की गई है। ₹300 की घूस की शिकायत से खुला राज इस विशाल साम्राज्य का पर्दाफाश साल 2020 में हुई एक छोटी सी शिकायत से शुरू हुआ था। ललित कुमार जब कानपुर में तैनात थे, तब उन पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए ₹300 की रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। तत्कालीन परिवहन आयुक्त की अनुमति के बाद एंटी-करप्शन और विजिलेंस विभाग ने उनकी गोपनीय जांच शुरू की, जिससे उनकी आय से अधिक संपत्ति के इस बड़े मामले की परतें खुलती चली गईं. ललित कुमार अक्टूबर 2025 में आगरा से सेवानिवृत्त (रिटायर्ड) हुए थे. इस से छह दिन पूर्व 4 जुलाई को अकोला अकोला में हाल ही में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने




किरण पुरुषोत्तम चौधरी सह-जिला निबंधक तथा मुद्रांक जिलाधिकारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की1 उनके खिलाफ ₹10,000 रिश्वत लेने का मामला दर्ज होने के बाद उनके जलगांव स्थित आवास पर छापेमारी की गई, जहां से ₹2.94 करोड़ से अधिक की अवैध संपत्ति बरामद हुई है1 किरण पुरुषोत्तम चौधरी, तत्कालीन अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार और स्टाम्प ड्यूटी अधिकारी (श्रेणी-I), अकोला महारा एसीबी ने उन्हें 26 जून को ₹10,000 की रिश्वत लेते हुए पकड़ा था1 जलगांव स्थित घर पर छापेमारी कर ₹1.53 करोड़ से अधिक नकद ₹60 लाख के सोने के बिस्किट व आभूषण तथा अन्य कीमती धातुएं जब्त की गई हैं 1 लगभग ₹62 लाख की बेनामी संपत्ति के कागजात भी मिले हैं ऊऊलगभग1यह जब्ती महाराष्ट्र के नासिक, अकोला और जलगांव की एसीबी टीमों द्वारा संयुक्त रूप से की गई है1 इसी सप्ताह तेलंगाना के हैदराबाद में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस कंप्यूटर सर्विसेज में तैनात डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस संकीरेड्डी भीम रेड्डी को लगभग ₹300 करोड़ की अवैध बेनामी संपत्ति रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने अधिकारी के तेलंगाना और कर्नाटक स्थित कुल 16 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। अधिकारी के ठिकानों से 2 किलोग्राम सोने के आभूषण और 20 किलोग्राम चांदी बरामद की गई है। छापेमारी के दौरान उनके घर से ₹3.60 लाख और एक अन्य ठिकाने से ₹40 लाख कैश मिला। रिश्तेदारों और बेनामियों के नाम पर 50 एकड़ से अधिक कृषि भूमि, व्यावसायिक भूखंड, कई लग्जरी फ्लैट और आलीशान विला के दस्तावेज जब्त किए गए हैं। उनके बैंक खातों में लगभग ₹19.91 लाख जमा पाए गए हैं। कोर्ट ने आरोपी डीएसपी भीम रेड्डी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में चंचलगुड़ा केंद्रीय जेल भेज दिया है। 25 फरवरी 2026 तीस हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए खनन विभाग के उप निदेशक देवव्रत महांति की गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस की छापेमारी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।भुवनेश्वर स्थित उनके फ्लैट से 4 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई । इसके अलावा, महांति के कार्यालय की दराज और उनके पास से 1.20 लाख रुपये नकद भुवनेश्वर के पहाल क्षेत्र में लगभग 2400 वर्गफुट में बना एक भव्य दो मंजिला मकान, करीब 130 ग्राम सोना जब्त किया है।उधर 9 जून 2026 भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में, तेलंगाना एंटी-करप्शन ब्यूरो ने रोड्स एंड बिल्डिंग्स विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ जे. मोहन नाइक और उनके रिश्तेदारों से जुड़ी कई प्रॉपर्टीज़ पर एक साथ छापे मारे. उन पर आय के ज्ञात स्त्रोतों से कहीं ज़्यादा संपत्ति जमा करने का आरोप है.

यह तलाशी हैदराबाद और राज्य के अन्य हिस्सों सहित लगभग 15 जगहों पर की गई. सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान अधिकारियों को सोने के बिस्किट, गहने, चांदी की चीजें, कैश और प्रॉपर्टी से जुड़े कई दस्तावेज़ मिले हैं. शुरुआती अनुमानों के अनुसार, जांच के दायरे में आई कुल संपत्ति की मार्केट वैल्यू 100 करोड़ रुपए से ज़्यादा हो सकती है।

ये तो सिर्फ बानगी नमूना भर है देश भर में करीब एक सौ सरकारी कर्मचारी अधिकारीयों के कब्जे से आय से अधिक जुटाई गयी करोड़ों अरबों की संपति मिल रही है। एक एक अधिकारी ने सौ से तीन चार सौ करोड़ तक की अवैध संपत्ति जुटाने का काम किया है जिस से पता चल जाता है कि भ्रष्टाचार किस हद तक बढ़ गया है। केन्द्र में भारतीय जनतापार्टी की सरकार केन्द्र और विभिन्न प्रदेशों में आयी, भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टालरेंस का नारा तो रहा लेकिन स्थितियों में कोई विशेष अन्तर नहीं आया। इसके लिए सब कुछ डिजिटल आनलाइन करने की कवायद हुई वह चाहे टेंडर हो या अन्य जनउपयोगी सुविधाएं लेकिन राजस्व से लेकर कोई भी विभाग भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं है। डबल इंजन की सरकार भी इससे मुक्त नहीं कर पायी है। भ्रष्टाचार के बारे जारी होने वाली ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की 182 देशों की रिपोर्ट में भारत 91 वें स्थान पर है। यह संस्था सरकार संस्थाओं और सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार की स्थिति का आकलन करती है और उसके आधार पर रैंकिंग तय करती है।यदि इस रैंक को न भी मानें तो भी आम आदमी से लेकर खास आदमी तक इससे प्रभावित है।सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भ्रष्टाचार समाप्त होने के बजाय निरन्तर बढ़ता ही जा रहा है। सिर्फ जीरो टालरेंस का नारा देने से भ्रष्टाचार समाप्त नहीं हो सकता है। निचले स्तर से लेकर उच्चस्तर पर कदम पर भ्रष्टाचार की विषबेल फैल रही हैं। पिछले दिनों एक हाइकोर्ट जज के आवास के कमरे में आग लगने पर नोटों से भरे बोरों का जलते देखा जाना और उस पर सटीक कारवाई नहीं किया जाने से पता चल जाता है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार और यहां तक कि न्यायपालिका भी पर्याप्त गंभीर नहीं है। जाहिर है कि देश की उन्नति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है सरकार को गंभीरता से सख्त कदम उठाने चाहिए और आम चुनाव का मुद्दा भी भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग ही होना चाहिए क्योंकि पुलिस पटवारी से लेकर ऊंची न्याय की कुर्सियों तक भ्रष्टाचार की जड़ें देश को खोखला कर रहीं हैं और देश की तरक्की में बाधा उत्पन्न कर रहीं हैं।

# सनातन और हिन्दुओं की आस्था से खिलवाड़ का खतरनाक सिलसिला

**अजय कुमार**

बात 28 मई 1996 की है। लोकसभा में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी अपनी सरकार के लिए विश्वास मत हासिल करने के दौरान संसद में भाषण दे रहे थे। इसी भाषण में उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को राम मंदिर/अयोध्या मुद्दे पर चेताया था कि आपको बीजेपी से लड़ना है, राम से मत लड़िए। उसी दौरान पीछे बैठे किसी सांसद की तरफ से आवाज आई कि 'राम से लड़ोगे तो निपट जाओगे।' जैसी टिप्पणी का उल्लेख भी वायरल रूप में मिलता है, लेकिन यह शब्द कहने वाले का चेहरा सामने नहीं आया। परंतु हकीकत यही रही कि कांग्रेस प्रभु श्री राम से लड़ते-लड़ते अपने सबसे बुरे दौर में पहुंच गई है। कांग्रेस ने कभी राम के अस्तित्व को नकारा तो कभी राम सेतु के बारे में गलत बयानी की। यहां तक कि कांग्रेस के नेता और प्रधानमंत्री अयोध्या जाने तक से कतराते थे। अयोध्या जाते भी तो प्रभु श्री राम के दर्शन नहीं करते थे। यही क्रम आज भी चल रहा है। रामलला के मंदिर में चंदा चोरी की घटना के नाम पर आज भी कांग्रेस ऐसा ही कर रही है। चंदा चोरी के बहाने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने सनातन और हिन्दुओं की आस्था को तार-तार करने की सभी हदें पार कर ली हैं।अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित किए जाने वाले चढ़ावे और दानपात्र से हुई कथित गड़बड़ी का मुद्दा इस समय देश की राजनीति के केंद्र में है। जहां एक तरफ अयोध्या में ट्रस्ट और पुलिस प्रशासन इस पूरे मामले की गहन जांच में जुटा है और विशेष जांच टीम गठित कर संदिग्ध कर्मचारियों व सेवादारों की भूमिका खंगाल रही है, वहीं दूसरी ओर सनातन प्रेमी जनता और साधु-संतों में इस बात को लेकर भारी रोष है कि जांच के निष्कर्षों की प्रतीक्षा किए बिना संपूर्ण साधु समाज और सनातन परंपरा को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की जा रही है। अयोध्या के सम्मानित संतों का स्पष्ट कहना है कि किसी भी मंदिर परिसर में यदि कोई आपराधिक तत्व या कर्मचारी गलत कार्य में लिप्त पाया जाता है, तो उसे कठोरतम दंड मिलना चाहिए, लेकिन उस बहाने भारत की हजारों वर्ष पुरानी साधु-संत परंपरा और भगवा वस्त्रों का राजनीतिक तमाशा बनाना सर्वथा अनुचित है। संसद के मानसून सत्र के दौरान जिस प्रकार का दृश्य देखने को मिला, उसने पूरे देश के सनातन प्रेमी समाज को स्तब्ध और आक्रोशित कर दिया है। संसद परिसर के मकर द्वार पर पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को भगवा वस्त्र पहनाकर, माथे पर तिलक लगाकर और हाथ में दानपात्र थमाकर एक साधु की वेशभूषा में बैठाया गया। इसके बाद विपक्ष के नेताओं द्वारा एक पूर्वनियोजित नाटक (स्किट) मंचित किया गया, जिसमें तथाकथित साधु रूपी सांसद को दानपेटी में आए पैसों को अपनी जेब में डालते और फिर दानपात्र लेकर भागते हुए दिखाया गया। इस पूरे राजनीतिक नाटक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव, सपा के अयोध्या (फैजाबाद) से सांसद अवधेश प्रसाद समेत 'इंडिया' गठबंधन के कई प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। राहुल गांधी ने उस नाटक में बाकायदा दान देने का अभिनय किया, जिसके बाद अखिलेश यादव की पार्टी के नेताओं और अन्य विपक्षी सहयोगियों ने इस पूरे घटनाक्रम का आनंद लेते हुए नारेबाजी की।इस पूरे प्रकरण पर जब समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर इस प्रदर्शन का समर्थन किया, तो देश भर के अखाड़ों, विद्वानों और नागरिकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। जनमानस का मानना है कि लोकतंत्र में विरोध दर्ज कराने के अनेक संवैधानिक और मर्यादित तरीके मौजूद हैं। परंतु भारत के सर्वोच्च विधायी सदन, संसद भवन के परिसर का उपयोग इस प्रकार के निम्नस्तरीय नाटकों और भगवाधारी संतों की



छवि को 'चोर' के रूप में चित्रित करने के लिए करना संसदीय मर्यादाओं का चीरहरण है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी सदन और उसके परिसर में इस प्रकार वेश बदलकर नौटंकी करने पर अपनी सख्त नाराजगी जताई और स्पष्ट शब्दों में कहा कि संसद भवन देश के नीतिगत मुद्दों और जनसमस्याओं पर चर्चा के लिए है, न कि इस तरह के तमाशों के लिए। कानूनी विशेषज्ञों और संतों का मानना है कि धार्मिक प्रतीकों, भगवा वस्त्रों और साधु वेश का सार्वजनिक अपमान कर करोड़ों सनातनियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इस कृत्य पर सर्वोच्च अदालत को स्वयं संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी भी राजनीतिक लाभ के लिए देश की आस्था का ऐसा उपहास न उड़ाया जा सके। सनातन धर्म और उसकी परंपराओं को कटघरे में खड़ा करने या उनके खिलाफ रणनीतिक बयानबाजी करने का विपक्ष का यह कोई पहला प्रयास नहीं है। इतिहास साक्षी है कि पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक लाभ साधने के लिए कई बार ऐसी बयानबाजियां की गईं, जिनसे बहुसंख्यक समाज की आस्था को ठेस पहुंची। 'भगवा आतंकवाद' जैसा भ्रामक शब्द गढ़ने से लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों पर विवादित टिप्पणियां करने और उसकी प्रतियों को जलाने तक का घटनाक्रम देश ने देखा है। तमिलनाडु में डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म की तुलना 'मलेरिया, डेंगू और कोरोना' से करते हुए इसे मिटाने का आह्वान करना और उस पर कांग्रेस व अन्य विपक्षी सहयोगियों की चुप्पी या अप्रत्यक्ष समर्थन, सनातन के प्रति उनकी सोच को उजागर करता है। कभी प्रभु श्री राम के अस्तित्व को अदालत में 'काल्पनिक' बताने वाला हलफनामा देना, तो कभी अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के समय उसे केवल राजनीतिक चुनावी मुद्दा बताकर उसका बहिष्कार करना; यह पूरी श्रृंखला दर्शाती है कि विपक्ष का एक वर्ग वैचारिक रूप से सनातन प्रतीकों के प्रति आक्रामक रहा है।संसद के इस हालिया प्रदर्शन में एक और पहलू ने देश की जागरूक जनता को गहराई से सोचने पर मजबूर किया है। वह है गैर-हिंदू और मुस्लिम नेताओं की इस तरह के धार्मिक प्रतीकों से जुड़े विरोध प्रदर्शनों में सक्रिय भागीदारी। जब भी किसी अन्य धर्म या संप्रदाय के प्रतीकों, मान्यताओं या वेशभूषा की बात आती है, तो विपक्ष की ओर से सहिष्णुता, गंगा-जमुनी तहजीब और धार्मिक संवेदनशीलता के लंबे-चौड़े भाषण दिए जाते हैं। परंतु जब भगवा वस्त्र, साधु वेश और राम मंदिर जैसे विषय आते हैं, तो वही नेता अन्य धर्मों के सहयोगियों को साथ लेकर सार्वजनिक मंचों पर उनका उपहास उड़ाने में तनिक भी संकोच नहीं करते। किसी गैर-हिंदू नेता द्वारा सनातन धर्म के पूज्य प्रतीकों का मजाक उड़ाते हुए ताली बजाना या उस नाटक का हिस्सा बनना हिंदू समाज के भीतर एक गहरा अविश्वास पैदा करता है। यह दोहरा मापदंड न केवल समाज के सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा करता है कि क्या धर्मनिरपेक्षता की परिभाषा केवल एक विशेष धर्म की आस्थाओं का अपमान करने तक ही सीमित रह गई है?अयोध्या के मुख्य अर्चक, अखाड़ा परिषद और काशी-मथुरा के प्रमुख संतों ने इस घटना के बाद एक स्वर में कहा है कि यदि राम मंदिर के किसी दानपात्र या प्रबंधन में कोई वित्तीय अनियमितता हुई है, तो उसकी निष्पक्ष जांच हो और दोषी, चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसे जेल भेजा जाए। संत समाज स्वयं पारदर्शिता का पक्षधर है। लेकिन इस घटना की आड़ लेकर पूरी संत परंपरा को भ्रष्ट, लुटेरा और चंदा चोर साबित करने की जो साजिश संसद के प्रांगण में रची गई, वह अक्षम्य है। जिस साधु वेश ने भारत को चरित्र, त्याग, ज्ञान और विश्व बंधुत्व का संदेश दिया, उस भगवा को संसद के मुख्य द्वार पर 'चोरी का प्रतीक' बनाकर पेश करना भारतीय संस्कृति पर सीधा प्रहार है। देश का सनातन प्रेमी समाज आज विपक्ष से यह सीधा प्रश्न पूछ रहा है कि आखिर राजनीतिक वैमनस्य में अंधे होकर देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आत्मा पर वार करने का यह सिलसिला कब थमेगा?



**अभिव्यक्ति**

# सूचना-युग की सबसे बड़ी विरासत

**पुखराज प्राज,छत्तीसगढ़**

कभी ज्ञान पुस्तकालयों की अलमारियों तक सीमित था और सूचनाओं के आदान-प्रदान में दिनों नहीं, महीनों का समय लग जाता था। आज वही ज्ञान एक क्लिक पर उपलब्ध है और दुनिया का कोई भी व्यक्ति कुछ ही क्षणों में वैश्विक संवाद का हिस्सा बन सकता है। इस परिवर्तन के केंद्र में यदि किसी एक आविष्कार का सबसे बड़ा योगदान है, तो वह वर्ल्ड वाइड वेब है । यह तकनीकी प्रणाली नहीं, बल्कि आधुनिक सभ्यता की वह आधारशिला है जिसने ज्ञान, अर्थव्यवस्था और समाज तीनों की संरचना बदल दी है। वर्ष 1989 में यूरोपीय परमाणु अनुसंधान संगठन में कार्यरत वैज्ञानिक टिम बर्नर्स-ली ने वैज्ञानिक समुदाय के बीच शोध-सामग्री के सहज आदान-प्रदान के उद्देश्य से जिस हाइपरटेक्स्ट प्रणाली की कल्पना की थी, वह शायद स्वयं भी नहीं जानते थे कि आने वाले वर्षों में वही पूरी दुनिया की जीवनशैली को बदल देगी। 1990 में पहली वेबसाइट के संचालन और 1991 में इसके सार्वजनिक होने के साथ सूचना-क्रांति का नया अध्याय शुरू हुआ। 1993 में CERN द्वारा वेब के स्रोत कोड को निःशुल्क सार्वजनिक करना उस दूरदर्शी सोच का परिचायक था, जिसने वेब को किसी कंपनी या राष्ट्र की निजी संपत्ति बनने से बचाकर पूरी मानवता की साझा धरोहर बना दिया। वेब की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि उसने ज्ञान के लोकतंत्रीकरण को संभव बनाया। शिक्षा, शोध, चिकित्सा, व्यापार, बैंकिंग, शासन और मनोरंजन आज शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो जो इससे अछूता हो। डिजिटल भुगतान से लेकर ऑनलाइन शिक्षा, ई-गवर्नेंस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और वैश्विक व्यापार तक हर क्षेत्र में वेब की भूमिका निर्णायक है। विशेषकर कोविड-19 महामारी के दौरान पूरी दुनिया ने अनुभव किया कि डिजिटल अवसंरचना केवल सुविधा नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक निरंतरता का आधार भी है। हालाँकि, हर तकनीकी उपलब्धि की तरह वेब का दूसरा पक्ष भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है। फर्जी समाचार, साइबर अपराध, डेटा चोरी, निजता का हनन और डिजिटल असमानता जैसी चुनौतियाँ लगातार गंभीर होती जा रही हैं। सूचना की अधिकता के इस दौर में सही और गलत के बीच अंतर करना कठिन होता जा रहा है। ऐसे में तकनीकी विकास के साथ डिजिटल नैतिकता, साइबर सुरक्षा और मीडिया साक्षरता को भी समान प्राथमिकता देनी होगी। केवल इंटरनेट की पहुँच बढ़ाना पर्याप्त नहीं, बल्कि नागरिकों को उसका सुरक्षित, जिम्मेदार और विवेकपूर्ण उपयोग भी सिखाना होगा। आज जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता और नई डिजिटल तकनीकें वेब को एक नए युग की ओर ले जा रही हैं, तब यह प्रश्न और भी प्रासंगिक हो जाता है कि क्या तकनीक मानव कल्याण का माध्यम बनी रहेगी या नई असमानताओं को जन्म देगी। इसका उत्तर केवल तकनीक में नहीं, बल्कि उसके उपयोग की संस्कृति में निहित है। वर्ल्ड वाइड वेब मानव बुद्धिमत्ता, वैज्ञानिक सहयोग और मुक्त ज्ञान की भावना का अद्वितीय उदाहरण है। इसकी सबसे बड़ी सफलता यही है कि इसने सूचना को सीमाओं से मुक्त कर पूरी दुनिया को एक साझा मंच पर ला खड़ा किया। अब यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि इस अमूल्य विरासत का उपयोग केवल तकनीकी प्रगति के लिए नहीं, बल्कि ज्ञान, लोकतंत्र, पारदर्शिता और समावेशी विकास को सशक्त बनाने के लिए किया जाए। यही डिजिटल युग की वास्तविक आवश्यकता है और यही वेब के भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी भी होगी।

एक नजर

### गुरु पूर्णिमा पर बस्तर के वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान




**जगदलपुर, 3 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बस्तर अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद बस्तर जिला के तत्वावधान में सम्मान समारोह का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में बस्तर जिला अधिवक्ता संघ में विगत 40 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे वरिष्ठ अधिवक्ताओं का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह में गुरु-शिष्य परंपरा, अधिवक्ता पेशे की गरिमा तथा वरिष्ठों के अनुभवों के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, मध्य क्षेत्र की सह-संयोजक झरना बांगर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा सदैव से ज्ञान, संस्कार और मार्गदर्शन का आधार रही है। अधिवक्ता जगत में भी यह परंपरा आज पूरी गरिमा के साथ जीवंत है। नए अधिवक्ता अपने वरिष्ठों के अनुभवों से सीख लेकर न्यायिक कार्यो का संचालन करते हैं और उनके बताए मार्ग पर चलते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। सम्मानित वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने उद्बोधन में युवा अधिवक्ताओं से ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ विधि व्यवसाय में आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।उन्होंने कहा कि जब भी कनिष्ठ अधिवक्ताओं को किसी विषय में जानकारी या मार्गदर्शन की आवश्यकता होगी हम सदैव तत्पर रहेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए इससे वार्तालाप की स्थिति निर्मित होती है और समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलता है। समारोह में जिन वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया, उनमें डब्बू वर्मा, निर्मल सोनी,नन्द किशोर देवांगन,विजय के.पी. गुप्ता, प्रवीण लोटिया घनश्याम साहू,शामिल रहे।कार्यक्रम में वरिष्ठों के प्रति सम्मान और गुरु-शिष्य परंपरा के संरक्षण का प्रेरक संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन बस्तर जिला अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष प्रीति वानखेड़े ने प्रभावी ढंग से किया। सभी आरती दुआ ने उपस्थित अतिथियों एवं अधिवक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पुलिस अधीक्षक बस्तर ने ली क्राइम रिव्यू मीटिंग, स्मार्ट एवं तकनीक आधारित पुलिसिंग पर दिया विशेष जोर

**जगदलपुर, 3 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ कुमार सिन्हा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की क्राइम रिव्यू मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में जिले में घटित अपराधों, लंबित प्रकरणों एवं शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विवेचनाओं की गुणवत्ता में सुधार, वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग तथा समयबद्ध एवं निष्पक्ष विवेचना सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्मार्ट पुलिसिंग, कम्युनिटी पुलिसिंग तथा तकनीक आधारित पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को सीसीटीएनएस एवं अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म का अधिकतम उपयोग करते हुए पुलिस कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा विभागीय, न्यायालयीन एवं अन्य वैधानिक अनुपालनों का समयबद्ध पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के प्रभावी पालन, दुर्घटना नियंत्रण एवं जन-जागरूकता संबंधी अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

### बिजली के दाम कम करने तथा स्मार्ट मीटर वापस लेने कांग्रेस करेगी चरणबद्ध आंदोलन

**जगदलपुर, 3 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने संबोधित करते हुए कहा आज कांग्रेस का प्रदेशव्यापी अभियान 1 अगस्त से पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन करेगी और जनता की आवाज़ को सड़क से लेकर सरकार के दरवाज़े तक बुलंद करेगी। भाजपा सरकारमहतारी वंदन नहीं,वसूली मीटर बंद करो बिजली के दाम बढ़ोत्तरी का विरोध किया जायेगा तथा बिजली के बढ़े दाम वापस लिये जाने की मांग को लेकर यह पत्रकार वार्ता की जा रही है। कल 2 अगस्त से कांग्रेस के कार्यकर्ता स्मार्ट मीटर के खिलाफ घर-घर से आवेदन भरवा कर स्मार्ट मीटर हटाने की मांग करेंगे तथा आम जनता के द्वारा बिजली के दाम बढ़ाने के विरोध में विरोध पत्र भरवायेंगे, बिजली के दाम बढ़ोत्तरी को वापस लेने की मांग दो महिने तक करेंगे।दो माह पश्चात जिलों में भरवाये गये फार्म को लेकर प्रदेश भर में हम जिले के बिजली दफ्तर का घेराव करेंगे एवं एकत्रित आवेदन जमा करायेंगे, पावती लेंगे।सभी जिलों में फार्म भरवाने तथा जिले के बिजली दफ्तरों के घेराव के बाद प्राप्त पावती को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री जो कि बिजली मंत्री भी है उनके निवास का घेराव करेंगे। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने आगे कहा भाजपा सरकार ने जुलाई से घरेलू उपभोक्ताओं के दाम में 30 से 50 पैसे तथा गैर घरेलू में 20 से 40 पैसे की बढ़ोत्तरी किया है। कृषि के पंप की बिजली में भी 40 पैसे की बढ़ोत्तरी की गयी है।

# सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी भीड़

- भक्त हर-हर महादेव के लगा रहे जयकारे
- समलूर एवं बारसूर के शिव मंदिरों में भी भक्तों की लगी भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 3 अगस्त ।** सावन मास के पहले सोमवार पर आज नगर के तमाम शिवालयों में हर हर महादेव, ऊं नमः शिवाय की गूंज सुनाई पड़ी। दंतेवाड़ा समेत अंचल के समस्त शिवालयों में अल सुबह से ही जल चढ़ाने भक्तों की अपार भीड़ लगी रही। बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। श्रावण मास का पहला सोमवार होने से आज अनेक शिवभक्तों ने व्रत रख कर भोलेनाथ की आराधना की। देवों के देव महादेव कहे जाने वाले भगवान शिव का प्रिय महिना सावन की शुरूआत 30 जुलाई से हो चुकी है। पूरे 28 दिनों तक शिवालयों में भक्तों की भीड़ रहेगी। ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव की आराधना सावन में करने से मानव के सारे दुख दर्द एवं रोगों का नाश होता है, समृद्धि आती है। सच्चे मन से भोले बाबा की पूजा करने, शिवलिंग पर जल चढ़ाने व व्रत रखने से वे प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों को मनवांछित फल एवं वरदान देते हैं। आज सावन का पहला सोमवार होने से नगर के शिवालयों में शिव पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। शिव भक्त अल सुबह ही स्नान आदि से निवृत्त होकर पूजन सामाग्री जैसे दुध, दही, घी व शहद, वेलपत्र, पुष्प समेत विभिन्न पूजन सामग्री खरीदने में लगे रहे। दंतेश्वरी मंदिर रोड स्थित शिवालयों में सुबह से भक्तों की अपार भीड़ लगी हुई है। डंकनी व शंकनी तट पर स्थित भैरमदेव बाबा मंदिर में भी महादेव शिव की पूजा के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी गई। बारसूर एवं समलूर स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिरों में भी दूर दराज क्षेत्रों से भारी संख्या में भक्त भगवान के दर्शन पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। शिवालयों में पहुंच भक्तों ने दूध, बेलपत्र, गंगाजल, धतूरा एवं कनेर के फूल व पुष्प आदि से शिवलिंग का जलाभिषेक कर अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। बाजारों में भी फलाहारी सामाग्री की जमकर खरीदारी हुई। शिवालयों के आसपास लगी दुकानों में बेल पत्र, पुष्प नारियल, धूप बत्ती समेत अन्य पूजन सामाग्री की जमकर बिक्री हुई। पूजन सामाग्री खरीदने दुकानों पर भक्तों की काफी भीड़ रही।

# राष्ट्रपति भवन में नजर आई बस्तर की जनजातीय संस्कृति

## नारायणपुर के मांझी-चालकी और 'बस्तर पंडुम' विजेताओं ने राष्ट्रपति से की सौजन्य भेंट







**रायपुर,3 अगस्त।** बस्तर के घने जंगलों, अनूठी सामाजिक व्यवस्था और समृद्ध जनजातीय विरासत की गूंज अब देश के सर्वोच्च मंच राष्ट्रपति भवन तक जा पहुंची है। नारायणपुर जिले के पारंपरिक मांझी-चालकी और 'बस्तर पंडुम' प्रतियोगिता के विजेताओं का एक विशेष प्रतिनिधिमंडल हाल ही में नई दिल्ली पहुंचा, जहां उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति से सौजन्य मुलाकात की। इस आत्मीय भेंट के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को बस्तर की जीवंत परंपराओं, लोक कलाओं और सदियों पुरानी सांस्कृतिक पहचान से रूबरू कराया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को बस्तर की सांस्कृतिक पहचान से रूबरू कराने के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने 30 जुलाई 2026 में राष्ट्रपति भवन का दौरा किया, जिसमें बस्तर पंडुम के विजेता, मांझी-चालकी और पद्मश्री सम्मानित कलाकार शामिल थे। इस ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत 27 जुलाई को नारायणपुर से हुई थी, जब नगरपालिका अध्यक्ष इंद्रप्रसाद बघेल ने हरी झंडी दिखाकर इस दल को दिल्ली के लिए रवाना किया था। पूरे जिले के लिए यह एक अत्यंत गर्व का क्षण था। इसके बाद 30 जुलाई को दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में बस्तर की जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय पटल पर प्रस्तुत करने का यह सुनहरा अवसर आया। मुलाकात के दौरान बस्तर की कला और परंपरा के प्रमुख ध्वजवाहकों ने अपनी माटी का प्रतिनिधित्व किया। इनमें 'बस्तर पंडुम' के जनजातीय आभूषण विधा की विजेता मुंगड़ी कोर्राम और सुदनी दुग्गा शामिल थीं, जिन्होंने पारंपरिक आभूषणों के सौंदर्य और उनके सांस्कृतिक महत्व की जानकारी साझा की। वहीं, बस्तर की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था का नेतृत्व करते हुए एड़का परगना के मांझी राजाराम, करंगाल परगना के मांझी सुधवाराम करंगा, गोटाली परगना के मांझी मंगतू राम ध्रुव, नूरदेश परगना के मांझी गुड्डू पोटाई तथा करंगाल परगना के चालकी सोमारू राम ने बस्तर की पारंपरिक सामाजिक संरचना और रीति-रिवाजों का परिचय दिया। प्रतिनिधिमंडल की इस मुलाकात से न केवल नारायणपुर और समूचा बस्तर संभाग गौरवान्वित महसूस कर रहा है, बल्कि इससे राष्ट्रीय स्तर पर बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को एक नई पहचान मिली है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मंचों से जनजातीय कला, परंपराओं और लोक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन को अभूतपूर्व प्रोत्साहन मिलेगा।

### पति-बच्चों की हत्या की धमकी देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपित गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर, 3 अगस्त।** जिले के रावघाट थाना क्षेत्र में एक महिला को उसके पति व बच्चों की हत्या करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने वाला फरार आरोपी कृष्ण कुमार देहारी (28 वर्ष), निवासी ग्राम मुनगापदर कोलर को आज शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी जब्त किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रावघाट थाना क्षेत्र की एक विवाहित महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसे डराया-धमकाया और उसके पति व बच्चों की हत्या करने की धमकी देकर जबरन दुष्कर्म किया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए कांकेर एसपी निखिल राखेचा के मार्गदर्शन में रावघाट पुलिस, अंतागढ़ पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। जांच के दौरान आरोपी लगातार अपना मोबाइल बंद कर ठिकाने बदल रहा था।

पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी कृष्ण कुमार देहारी ने अपराध स्वीकार कर लिया है।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ थाना रावघाट में अपराध क्रमांक 06/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (क्नहस्) की धारा 64(1), 64(2)(द्ब) एवं 351(2) के अंतर्गत कार्रवाई उपरांत न्यायिक रिमांड पर रवाना किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रावघाट निरीक्षक रामकुमार साव, साइबर सेल कांकेर के यशवंत श्याम, थाना प्रभारी अंतागढ़ कोमल भूषण पटेल, पीएसआई लता सिंह सहित आरक्षक राजेश्वर उइके, मयाराम, थलेश्वर का योगदान रहा।

### साप्ताहिक बाजार में पुलिस का यातायात जागरूकता अभियान

#### पालकों से नाबालिगों को वाहन नहीं देने की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 3 अगस्त।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीजापुर पुलिस ने रविवार को साप्ताहिक बाजार में विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान आम नागरिकों, पालकों, वाहन चालकों और युवाओं को सुरक्षित वाहन संचालन तथा यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया।

यातायात पुलिस ने विशेष रूप से पालकों से अपील की कि वे अपने नाबालिग बच्चों को किसी भी परिस्थिति में मोटर वाहन चलाने की अनुमति न दें। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कम उम्र में वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि बच्चों और अन्य राहगीरों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता है। अभिभावकों से आग्रह किया गया कि वे जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए बच्चों को वाहन न सौंपें।

अभियान के दौरान बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस और पर्याप्त अनुभव के वाहन चलाना है। यातायात पुलिस ने लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने तथा सभी यातायात संकेतों और नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

बीजापुर पुलिस ने आमजन से सड़क सुरक्षा को जन-आंदोलन बनाने की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित यातायात व्यवस्था तभी संभव है, जब प्रत्येक नागरिक यातायात नियमों का पालन करे और अपने बच्चों को भी जिम्मेदार एवं सुरक्षित नागरिक बनने के लिए प्रेरित करे।

### 'डिजिटल योद्धाओं' को मिला मार्गदर्शन

**जगदलपुर, 3 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया विभाग, बस्तर की प्रथम जिला स्तरीय बैठक शुक्रवार को भाजपा कार्यालय, जगदलपुर में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन को डिजिटल माध्यमों पर और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने की रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया। वरिष्ठ नेताओं ने सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें संगठन का डिजिटल चेहरा बताते हुए राष्ट्रहित, जनसेवा और विकास के सकारात्मक संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि सोशल मीडिया आज संगठन की सबसे बड़ी शक्ति बन चुका है।

### जगदलपुर टेनिस संघ की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन, हरदीप सिंह गैदू बने अध्यक्ष



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 3 अगस्त।** जगदलपुर टेनिस संघ का द्विवर्षीय चुनाव गुरुवार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सर्वसम्मति के वातावरण में संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल सिंह ने निर्वाचन अधिकारी के रूप में किया। सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के चयन के उपरांत नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। संघ के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. के. एल. आजाद एवं उनकी कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर सदस्यों ने उनके नेतृत्व में किए गए कार्यों की सराहना की। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन तथा जिले में टेनिस खेल के विस्तार में उनके योगदान के लिए उनका अभिनंदन किया गया। सर्वसम्मति से हरदीप सिंह गैदू को अध्यक्ष, थॉमस फिलिप को संरक्षक, कुणाल चालीसगांवकर *को सचिव, फिरोज बस्तरिया एवं मुकेश मिश्रा को उपाध्यक्ष, श्याम पंजियार को कोषाध्यक्ष तथा मनोज पटेल एवं जोगेंद्र पाल सिंह को सह सचिव चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में विश्वनाथ नायडू, मोक्ष पराशर, नोहर सिंह राजपूत एवं विनायक ठाकुर को शामिल किया गया। इसके अतिरिक्त *मनिंदर सिंह, ललित कुमार मौर्य, प्रणय शर्मा, अंकित मिश्रा, मयंक पथरिया, मितेश श्रीवास्तव, दिव्यांश सिंह तथा वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल सिंह को नए सदस्य के रूप में कार्यकारिणी में सम्मिलित किया गया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरदीप सिंह गैदू ने सभी सदस्यों द्वारा व्यक्त विश्वास के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी जगदलपुर में टेनिस खेल को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। खिलाड़ियों के लिए नियमित प्रशिक्षण शिविर, आयु वर्ग की प्रतियोगिताएँ, खेल अधोसंरचना का विकास तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। नवनिर्वाचित सचिव कुणाल चालीसगांवकर ने कहा कि संघ का लक्ष्य अधिक से अधिक युवाओं एवं स्कूली खिलाड़ियों को टेनिस से जोड़ना, जूनियर प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा खिलाड़ियों के लिए बेहतर अभ्यास एवं प्रशिक्षण सुविधाएँ उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी आगामी दो वर्षों में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की टेनिस प्रतियोगिताओं* के आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ एवं अखिल भारतीय टेनिस संघ के सहयोग से प्रयास करेगी।

### शासन के संलग्नीकरण आदेश का पालन नहीं करवा पा रहे सीएमएचओ

- सीएमएचओ शासन के आदेश को ठेंगे पर रख रहे, मूल स्थान पर कर्मचारी नहीं जा रहे वापस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा 3 अगस्त।** भाजपा शासन में पुरी तरह से अधिकारी राज हावी है। आलम यह हो चला है कि अब शासन के आदेशों का भी पालन अधिकारी नहीं करवा पा रहे या कहें कि पालन करवाना चाहते ही नहीं तो गलत नहीं होगा। विधानसभा में संलग्नीकरण प्रश्नकाल का मुदद उठने के बाद छ0ग0 स्वास्थ्य मंत्रालय ने अटैचमेंट पर कार्यरत सभी कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना स्थान पर वापस भेजे जाने का आदेश कई महिनों पूर्व ही जारी कर दिया था। 3 से 4 माह बीत जाने के बावजूद भी दंतेवाड़ा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग शासन के आदेश का पालन अब तलक नहीं करवा पाया है। अधिकांश कर्मचारी आज भी अपने पुराने कार्यालयों में ही जमे हुए हैं। जानकारी मांगने पर सीएमएचओ यह अवश्य कहते हैं कि उन्होने ऐसे सभी कर्मचारियों को रिलिव कर लिया है जो अटैचमेंट पर दुसरे जगहों पर कार्य कर रहे थे। मगर हकीकत इसके बिलकुल उलट है। यहां सीएमएचओ सर की चालाकी समझने की जरूरत है। दरअसल यह मान भी लें कि सीएमएचओ ने कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना में रिलिव कर दिया है। असल मुददा यह कि जब रिलिव कर दिया है तो फिर अपने ही सीएमएचओ मुख्यालय में कर्मचारी आज भी बैठकर फाईल साइन क्यों कर रहे हैं? क्यों उन्हें यह कहकर यहां से भेजा नहीं जा रहा कि आप अपने मूल स्थान पर जाकर कार्य करें। इसके पीछे की कहानी कुछ और है। सूत्र बताते हैं कि सीएमएचओ साहब की सेटिंग उपर बहुत उपर तक है। उन्हें उच्चाधिकारियों का वर्दहस्त भी प्राप्त है शायद यही वजह है कि वे अपने चहेते कर्मचारियों को यहां से हटाना नहीं चाह रहे। इन हठधर्मिता अपनाये हुए अधिकारियों को यह कतई नहीं भुलना चाहिए कि समय का चक्र हमेशा अपनी धुरी पर चक्कर लगाता रहता है। पृथ्वी पर कोई भी चीज स्थिर नहीं होता। अपने पद का गलत दुरूपयोग आज नहीं तो कल इन अहंकारी अधिकारियों पर अवश्य ही भारी पड़ेगा। संलग्नीकरण आदेश का पालन अन्य जिलों में हो चुका है केवल दंतेवाड़ा जिले में ही इसका पालन नहीं किया जा रहा। आखिर अटैचमेंट पर जिला कार्यालयों में सेवा दे रहे कर्मचारियों के प्रति सीएमएचओ सर इतनी हमदर्दी क्यों दिखा रहे हैं। उन्होने कहा था कि जो कर्मचारी रिलिव आदेश के बाद भी मूल स्थान पर नहीं जा रहा है हम उनका वेतन काट रहे हैं और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने उच्चाधिरियों को फाईल बढ़ा रहे हैं। सीएमएचओ श्री रामटेके सर आपको यह भी बताना चाहिए कि अप्रैल से अब तक ऐसे कितने कर्मचारियों का वेतन आपने रोका है जो अपने मूल स्थापना स्थान पर नहीं गए हैं। कितनों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही इन 4 माह में हुई है ये आंकड़ा भी आपको सामने रखना चाहिए। बता दें कि दंतेवाड़ा स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है। विभागों में चहेते लोगों को सामाग्री खरीदी का ठेका दिया जाता है। भंझार क्रय नियमों का यहां पालन नहीं होता। विभाग में पदस्थ कर्मचारी ही सामान सप्लाई करते हैं और मनमाना बिलिंग कर शासन के खजानों में सेधमारी भी करते हैं। इसका हिस्सा किन किन मेजबानों तक पहुंचता है यह जगजाहिर है। दंतेवाड़ा स्वास्थ्य विभाग में शासन के संलग्नीकरण आदेश का पालन नहीं होने के मामले को स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी गंभीरता से लिया है उम्मीद है इस पर जल्द ही कोई बड़ी कारवाई स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से देखने को मिल सकता है।

### पुलिया का एप्रोच बहा; विभागीय निगरानी और निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल

# उखड़ गई पीएमजीएसवाय सड़क,छह महीने में ही हकीकत सामने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 3 अगस्त।** राजिम प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पीएमजीएसवाय के तहत छुरा विकासखंड के ग्राम छिन्दौली से कमारपारा तक करीब 2.10 किलोमीटर लंबी सड़क और पुलिया का निर्माण हुए अभी छह महीने ही बीते हैं, लेकिन पहली ही तेज बारिश में पुलिया का एप्रोच बह जाने से निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एप्रोच टूटने से कमारपारा के ग्रामीणों का मुख्य संपर्क मार्ग बाधित हो गया है, जिससे रोजमर्रा का आवागमन प्रभावित हो रहा है।



ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया गया। उनका कहना है कि यदि एप्रोच को निर्धारित मानकों के अनुरूप मजबूत बनाया गया होता और जल निकासी की उचित व्यवस्था की गई होती, तो पहली ही बारिश में यह स्थिति पैदा नहीं होती। उन्होंने पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि निर्माण कार्य की निगरानी में गंभीर लापरवाही बरती गई। हालांकि मिलीभगत के आरोप फिलहाल ग्रामीणों के दावों तक सीमित हैं, लेकिन सड़क की वर्तमान स्थिति ने जांच की आवश्यकता को और मजबूत कर दिया है। ग्रामीणों की मांग है कि निर्माण सामग्री, माप-पुस्तिका, एप्रोच की मजबूती और गुणवत्ता मानकों की स्वतंत्र जांच कराई जाए।सड़क क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को खेती-किसानी, बाजार, स्कूल और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों की मांग के बाद मिली पक्की सड़क से बरसात में राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन पहली ही बारिश में मार्ग बाधित होने से उनकी उम्मीदें टूट गईं।ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में गांव की एक प्रसूता महिला को अस्पताल ले जाने के दौरान एंबुलेंस पुलिया तक नहीं पहुंच सकी। मजबूरी में परिजनों को महिला को कीचड़ और कच्चे रास्ते से ले जाना पड़ा। उनका कहना है कि यदि किसी गंभीर मरीज को तत्काल अस्पताल पहुंचाना पड़े तो ऐसी स्थिति जानलेवा साबित हो सकती है।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पहले बनी छोटी पुलिया से किसी तरह बरसात में आवागमन हो जाता था, लेकिन नई पुलिया बनने के बाद एप्रोच टूटने से रास्ता पूरी तरह बाधित हो गया है। उनका सवाल है कि लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी यदि गांव का संपर्क मार्ग बरसात में बंद हो जाए तो ऐसी योजना का उद्देश्य कैसे पूरा होगा।इस मामले में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि तेज बहाव के कारण एप्रोच क्षतिग्रस्त हुआ है। पानी का स्तर कम होते ही एक सप्ताह के भीतर एप्रोच का पुनर्निर्माण करा दिया जाएगा।ग्रामीणों ने मांग की है कि केवल एप्रोच की मरम्मत कर मामले को समाप्त न किया जाए, बल्कि पूरे छिन्दौली-कमारपारा मार्ग के निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कर जिम्मेदार ठेकेदार और अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए। यदि जांच में लापरवाही या अनियमितता सामने आती है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

# रमन सिंह ने साइकिल यात्री गणेश निषाद से की फोन पर बात, जज्बे को किया सलाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम, 3 अगस्त।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने साइकिल से भारत भ्रमण पर निकले गरियाबंद जिले के ग्राम बोरसी निवासी गणेश निषाद से फोन पर बात की। बातचीत के दौरान उन्होंने गणेश के अद्भुत संकल्प और जज्बे की खुले दिल से सराहना की। गणेश निषाद हिमालय से यात्रा शुरू कर अयोध्या होते हुए अब पूरे भारत भ्रमण पर निकले हैं। हजारों किलोमीटर की यह यात्रा वे स्वस्थ जीवन और जनजागरूकता का संदेश देने के लिए कर रहे हैं।डॉ. रमन सिंह ने फोन पर गणेश की यात्रा के अनुभव जाने और उनके साहस की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह का संकल्प युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। साथ ही उन्होंने गणेश को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।विधानसभा अध्यक्ष ने सभी से अपील की कि वे गणेश निषाद को फॉलो करें और उनकी यात्रा के साक्षी बनकर सहयोग करें। फोन पर सम्मान मिलने से अभिभूत गणेश निषाद ने भी डॉ. रमन सिंह का धन्यवाद व्यक्त किया

## एक नजर

### गेंदा फूल की खेती से किसान हेमचंद साहू की बदली तस्वीर



**राजिम, 3 अगस्त ।** पारंपरिक धान की खेती से सीमित आय अर्जित करने वाले छुरा विकासखण्ड के ग्राम कसेकेरा के किसान हेमचंद साहू ने आधुनिक बागवानी तकनीकों को अपनाकर सफलता की नई मिसाल कायम की है। राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग के सहयोग से उन्होंने 0.48 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग तकनीक के साथ गेंदा फूल की खेती शुरू की, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता से श्री साहू ने वैज्ञानिक पद्धति से खेती करना सीखा। आधुनिक तकनीक अपनाने से उनका उत्पादन बढ़ा, लागत नियंत्रित रही और फसल की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ। उनके द्वारा गेंदा फूल की बिक्री स्थानीय बाजार के साथ-साथ रायपुर में भी की गई, जिससे उन्हें लगभग दो लाख रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। श्री साहू बताते हैं कि पहले धान की खेती से परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करना कठिन था, लेकिन अब फूलों की खेती ने उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत कर दी है। उनकी सफलता को देखकर आसपास के किसान भी गेंदा फूल की व्यावसायिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कम भूमि में अधिक आय देने वाली फूलों की खेती किसानों के लिए लाभकारी विकल्प बन रही है। ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग से जल संरक्षण के साथ उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में वृद्धि हो रही है। हेमचंद साहू की सफलता इस बात का प्रमाण है कि सरकारी योजनाओं का लाभ, वैज्ञानिक खेती और समय पर तकनीकी मार्गदर्शन किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### गातापार में प्रधानमंत्री आवास निर्माण की नहीं मिली 90 दिवस की मजदूरी



**अंवरी, 3 अगस्त।** ग्राम पंचायत गातापार आ के अंतर्गत 2024-25 में स्वीकृत 12 हितग्राहियों को 90 दिवस की मजदूरी राशि अब तक नही मिली है। विक्रम सिंह ध्रुव,रामकुमार, पिली बाई, कुमारी बाई, गीता बाई, देवकी बाई, डागेश्वर, द्वारका, फुल सिग, खेमराज, खेमु, संतराम, लुरसिंग, खेमलाल, तिजू राम आदि हितग्राहियों ने बताया की 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास स्वीकृत हुआ जो आज पर्यन्त तक पूर्ण हों गया है।

लेकिन प्रधानमंत्री आवास निर्माण हेतु मिलने वाली मनरेगा मद की 90 दिवस की मजदूर राशि अभी तक नही मिली है 7 उन्होंने बताया की इस सम्बन्ध में कई बार रोजगार सहायक कैलाश मनहरे एवं आवास मित्र जीवनराम से राशि दिलाने की मिन्नते की गई लेकिन उनके द्वारा कोई जवाब नही आया बल्कि बात को दबाने की कोशिश किया गया । इस सम्बन्ध में सभी हितग्राहियों ने मिलकर कलेक्टर धमतरी को आवेदन दिया गया और आवास निर्माण कार्य की 90 दिवस की मजदूरी राशि दिलाने हेतु मांग किया गया । बताया कि घर बनने के लिए आखरी किस्त बचा हुआ है जोकि ब्याज पर पैसा लेकर पुर्ण किये है एक साल हो जाने के बाद भी आखिरी किस्त नहीं मिला है । जिसके चलते परेशानी हो रही है।

# तेंदुआ पिंजरे में कैद, वन विभाग की सतर्कता से टला बड़ा खतरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,3 अगस्त ।** गरियाबंद वनमंडल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र गरियाबंद के ग्राम केरावाहारा (ग्राम पंचायत जोवा) में पिछले कुछ समय से तेंदुए की लगातार गतिविधियों के बीच वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। विभाग द्वारा लगाए गए केज ट्रैप (पिंजरे) में शुक्रवार को तेंदुआ सुरक्षित रूप से पकड़ा गया। वन विभाग की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से संभावित मानव-वन्यजीव संघर्ष को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया गया।

वनमण्डलाधिकारी श्री ससिगानंदन के ने बताया कि तेंदुए ने पूर्व में क्षेत्र में पालतू मवेशियों पर हमला किया था तथा विद्यालय परिसर और आबादी के आसपास उसकी मौजूदगी की सूचना लगातार मिल रही थी। इसे देखते हुए वन विभाग ने क्षेत्र में विशेष निगरानी शुरू की थी।वनमंडलाधिकारी ससिगानंदन के., उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप निदेशक श्री वरुण जैन तथा वन्यप्राणी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश वर्मा के निर्देशन में ग्राम जोवा और केरावाहारा में केज ट्रैप लगाए गए थे। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए



प्रशिक्षित लेपर्ड रेस्क्यू टीम को आवश्यक उपकरणों सहित तैनात किया गया था। इस कार्रवाई के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) सह मुख्य वन्यजीव वार्डन, छत्तीसगढ़ से आवश्यक अनुमति एवं निर्देश भी प्राप्त थे।

वन विभाग की सतत निगरानी और सुनियोजित रणनीति के तहत तेंदुआ शुक्रवार को सुरक्षित रूप से पिंजरे में आ गया। सूचना मिलते ही विभागीय टीम मौके पर पहुंची और पिंजरे को सुरक्षित करते हुए तेंदुए की गतिविधियों तथा स्वास्थ्य पर निगरानी शुरू कर दी। विभाग ने तेंदुए को बिना किसी प्रकार की क्षति पहुंचाए सुरक्षित रखा है तथा मौके पर भीड़ एकत्र न हो, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई।पकड़े गए तेंदुए का तीन सदस्यीय पशु चिकित्सक दल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षण के दौरान उसकी शारीरिक स्थिति, संभावित चोट या बीमारी, शारीरिक क्षमता तथा प्राकृतिक आवास में छोड़ने की उपयुक्तता का आकलन किया जाएगा। विशेषज्ञों की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी।वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करें। तेंदुए से संबंधित कोई भी सूचना मिलने पर तत्काल निकटतम वन अमले को सूचित करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मानव जीवन और वन्यजीव दोनों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी आवश्यक कदम नियमानुसार उठाए जा रहे हैं।

# शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षकों को क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 3 अगस्त ।** शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विकासखंड पुसौर में शनिवार को क्लब क्लस्टर बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री श्यामानंद साहू के निर्देशन एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी भुवनेश्वर पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की भावना के अनुरूप नवाचार आधारित शिक्षण, मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) को मजबूत करने तथा शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में शिक्षकों से विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शासकीय स्कूलों के प्रति अभिभावकों का विश्वास बढ़ाने के लिए भी विशेष प्रयास करने का आह्वान ि या गया।

संयुक्त संकुल जतरी, पुसल्दा और तेतला के प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा चौथी में हिंदी पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए संकुल केंद्र पुसल्दा में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर आरती साहू ने बगीचे का घोंघा कहानी के माध्यम से बच्चों की सहभागिता बढ़ाने और प्रभावी शिक्षण पद्धति पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2005 के उद्देश्यों, कक्षागत गतिविधियों तथा मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के व्यावहारिक तरीकों पर चर्चा की गई।बीईओ ने दिए गुणवत्ता सुधार, नियमित उपस्थिति और उपचारात्मक शिक्षण के निर्देशप्रशिक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी भुवनेश्वर पटेल ने शिक्षकों को समय पर विद्यालय पहुंचने, वीएसके ऐप पर नियमित उपस्थिति दर्ज करने, पाठ्यक्रम का समयबद्ध संचालन, दैनंदिनी लेखन तथा सीखने के प्रतिफलों के आधार पर अध्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पिछड़े विद्यार्थियों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही शासकीय विद्यालयों की गुणवत्ता सुधारकर निजी विद्यालयों की ओर जाने वाले विद्यार्थियों को सरकारी स्कूलों में आकर्षित करने के लिए ठोस प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर उन्होंने पुसल्दा में निर्माणाधीन हाई स्कूल भवन का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए।क्लब क्लस्टर प्रशिक्षण का किया निरीक्षण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर दिया जोरइसके बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी भुवनेश्वर पटेल एवं संकुल प्राचार्य गणेश प्रसाद साहू ने क्लब क्लस्टर अंतर्गत संकुल कोंडातराई, सुर्री और तेलीपाली के शिक्षकों के प्रशिक्षण का भी अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों को विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के साथ विद्यार्थियों को नवोदय, एकलव्य और उत्कर्ष जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नियमित अभ्यास कराने तथा प्रत्येक शनिवार को विशेष तैयारी सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में तीनों संकुलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ संकुल शैक्षिक समन्वयक सालिक राम नायक, राज किशोर स्वर्णकार, जयनंद सिदार, दिनेश कुमार प्रधान, चिंतामणि गुप्ता, संकुल प्राचार्य जयप्रसाद पटेल सहित कुल 17 शिक्षक उपस्थित रहे।

जानकारी संकुल शैक्षिक समन्वयक चिंतामणि गुप्ता ने दी।

### नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियानः युवाओं ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

**महासमुंद, 3 अगस्त ।** जिला पंचायत सभागार में आज ÷नशा मुक्त युवा और विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सीधा संदेश प्रसारित किया गया, जिसे सभी के द्वारा श्रवण किया गया।जिसके उपरांत सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं युवाओं ने नशा मुक्त भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री गुरु खुशवंत सिंह साहेब, महासमुंद विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चंद्राकर, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती सरला कोसरिया, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोगरा पटेल, जिला स्काउट-गाइड संघ के अध्यक्ष श्री येतराम साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री देवीचंद राठी, श्री महेंद्र सिक्का, श्री राहुल चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य, पार्षदगण, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री अनुपमा आनंद तथा माय भारत, समाज कल्याण, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### धान से ग्राफ्टेड बैंगन तक बदली किसान कंदर्प नायक की तकदीर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 3 अगस्त ।** देवभोग विकासखण्ड के ग्राम करचिया के प्रगतिशील किसान कंदर्प नायक ने आधुनिक उद्यानिकी तकनीकों को अपनाकर खेती में नई सफलता हासिल की है। पहले वे पारंपरिक रूप से धान की खेती करते थे, जिसमें लागत अधिक और आय कम होने के कारण परिवार का पालन-पोषण और बच्चों की शिक्षा में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लगभग 12 वर्ष पूर्व उद्यानिकी विभाग के संपर्क में आने के बाद उन्होंने विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग तथा ग्राफ्टेड बैंगन की खेती शुरू की। आधुनिक तकनीकों के उपयोग से पानी की बचत हुई, पौधों में रोग कम लगे तथा उत्पादन में काफी वृद्धि हुई। इससे खेती की लागत घटी और आय में कई गुना बढ़ोतरी हुई। वर्तमान में श्री नायक 1 एकड़ क्षेत्र में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती कर रहे हैं। उद्यानिकी विभाग द्वारा समय-समय पर तकनीकी प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन मिलने से उन्हें खेती में लगातार बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। उद्यानिकी खेती अपनाकर और अधिक लाभ प्राप्त कर वे अपने बच्चे को आईसीएआर, नई दिल्ली में उच्च शिक्षा दिला रहे हैं।

### 5.2 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़, 3 अगस्त।** कलेक्टर के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्राप्त शिकायत के आधार पर आबकारी वृत्त रायगढ़ (दक्षिण) की टीम ने ग्राम खोखरा, थाना पुसौर क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान त्रिवेणी सारथी के कब्जे से 5.200 लीटर अवैध हाथ भट्ठी महुआ शराब, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 1,040 रुपये है, बरामद की गई।



आबकारी विभाग ने आरोपी को गिरफ्तार कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक राजेन्द्र मेहर, आबकारी मुख्य आरक्षक दिनेश्वर सिंह कंवर एवं महिला आबकारी आरक्षक सविता चक्रेश की भूमिका रही।

### नशा मुक्ति का संदेश लेकर सड़कों पर उतरे एनसीसी कैडेट्स, शपथ के साथ नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**रायगढ़, 3 अगस्त।** युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और समाज में स्वस्थ एवं जागरूक वातावरण के निर्माण के उद्देश्य से 28 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के कर्नल प्रवीण तेवतिया के निर्देशन में किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ में नशा मुक्ति शपथ ग्रहण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रहित एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ हुआ। इस अवसर पर कैप्टन डॉ. शारदा घोघरे ने लगभग 150 एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। सभी प्रतिभागियों ने स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों और समाज के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कैप्टन डॉ. शारदा घोघरे ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स अनुशासन, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रतीक हैं तथा उन्हें नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।शपथ ग्रहण के बाद एनसीसी कैडेट्स ने शहर के प्रमुख स्थलों चक्रधर नगर चौक और सिंगल चौक पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। कैडेट्स ने अपने सशक्त अभिनय और प्रेरक संवादों के माध्यम से बताया कि नशा व्यक्ति के जीवन, परिवार और भविष्य को किस तरह प्रभावित करता है तथा इससे बचाव ही सबसे बड़ा समाधान है। आम नागरिकों ने इस जनजागरूकता अभियान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

# पदोन्नति और वेतन विसंगति पर भड़का पटवारी संघ, सरकार से की त्वरित समाधान की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 3 अगस्त।** राजस्व पटवारी संघ, छत्तीसगढ़ ने पटवारियों की पदोन्नति और वेतन निर्धारण में व्याप्त विसंगतियों को लेकर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की है। संघ का कहना है कि वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया और वेतन निर्धारण की त्रुटियों के कारण प्रदेशभर के पटवारियों में व्यापक असंतोष है।संघ के अनुसार वर्तमान व्यवस्था में पटवारियों की पदोन्नति के लिए कोई निश्चित समय-सीमा तय नहीं है। परिणामस्वरूप कई कर्मचारी पूरी सेवा पटवारी पद पर ही बिताकर उसी पद से सेवानिवृत्त हो जाते हैं। इससे कर्मचारियों के मनोबल के साथ-साथ कार्यकुशलता भी प्रभावित हो रही है।पटवारी संघ ने मांग की है कि राजस्व निरीक्षक (आरआई) के पदों पर सीधी भर्ती पूरी तरह बंद की जाए तथा सभी रिक्त पद केवल पटवारियों की पदोन्नति से भरे जाएं। साथ ही पदोन्नति व्यवस्था में 50 प्रतिशत पद वरिष्ठता और 50 प्रतिशत विभागीय परीक्षा के आधार पर निर्धारित किए



जाएं तथा लंबे समय से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए।संघ ने वेतन निर्धारण में भी गंभीर विसंगति का मुद्दा उठाया है। संघ के अनुसार वर्ष 2010 बैच के पटवारियों में ग्रेड पे बढ़ने के बावजूद मूल वेतन कम निर्धारित किया गया है, जो वेतन संरचना के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। उनका कहना है कि इस त्रुटि से कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है और भविष्य में वेतनवृद्धि, पदोन्नति, पेंशन सहित अन्य सेवा लाभ भी प्रभावित हो सकते हैं।संघ ने यह भी कहा कि वेतन विसंगति के कारण कोष एवं लेखा सत्यापन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं तथा अनावश्यक रिकवरी की आशंका बनी हुई है। इसलिए सरकार से मांग की गई है कि सभी भर्ती बैचों की वेतन विसंगतियों की जांच कर न्यायोचित समाधान किया जाए।

# सहायक कलेक्टर ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ, 109 सप्ताह तक चलेगा जनजागरूकता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 3 अगस्त।** युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखकर स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रव्यापी नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नशामुक्त भारत एवं विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ करते हुए देशभर के युवाओं को ऑनलाइन संदेश दिया। उन्होंने नशामुक्त भारत और विकसित भारत के निर्माण का आह्वान करते हुए युवाओं से नशे के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया। इसी क्रम में रायगढ़ जिले में कलेक्टोरेट परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में अभियान का शुभारंभ किया गया।



कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में सहायक कलेक्टर श्री गोकुल आर.के. ने महाविद्यालयों, विद्यालयों, एनसीसी एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें, ताकि स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी देखा गया। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का युवा स्वस्थ, ऊर्जावान और नशामुक्त होगा। उन्होंने युवाओं से सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए नशे के विरुद्ध जनजागरण अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी श्रीमती प्रतिमा सागर, समाज कल्याण विभाग से श्री सुशील सिंह, महाविद्यालय एवं विद्यालयों के शिक्षक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेषज्ञों एवं अधिकारियों ने नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संदेश दिया। युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता आधारित विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। जिला प्रशासन ने बताया कि यह अभियान केवल एक दिवसीय आयोजन नहीं है, बल्कि आगामी 109 सप्ताह तक प्रत्येक रविवार नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत शपथ कार्यक्रम, जनजागरूकता अभियान, संवाद, रैलियां, सामाजिक गतिविधियां तथा जनभागीदारी आधारित विभिन्न आयोजन किए जाएंगे।

## एक नजर

### बैंकॉक अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में स्नेहा हल्दर ने टॉप-10 में बनाई जगह



**डोंगरगढ़ 3 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एन.आर.सी.ए.चैस अकादमी के संयोजक मतीन खान ने बताया कि संस्था की प्रतिभाशाली अंतराष्ट्रीय शतरंज खिलाडी 16 वर्षीय कलकत्ता निवासी कु.स्नेहा हल्दर ने बैंककाक में आयोजित अंतराष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में टॉप टेन खिलाड़ियों मैं जा गह बनाई है...स्नेहा हल्दर भारत की टॉप तीस महिला शतरंज खिलाड़ियों में शामिल हो चुकी है उनकी अंतराष्ट्रीय शतरंज़ रेटिंग 2170 जो उनके कड़े परिश्रम को दर्शाती है,अनेको शतरंज खिताब जीत चुकी स्नेहा हल्दर का लक्ष्य भारत के लिए शतरंज ओलिंपियाड की टीम मैं जगह बनाना वा पदक जीतना है.इन्हें 5 बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद जी, का मार्ग दर्शन, आर.बी. रमेश, चोला चैस, कुचिना चैस फाउंडेशन,पी. वी. रवि कुमार जी, रोटरी क्लब ,सारा बांग्ला चैस एसोसिएशन,अखिल भारतीय शतरंज एसोसिएशन, का मार्गदर्शन वा सहियोग समय समय पर प्राप्त होता है.स्नेहा हल्दर भारत की प्रमुख जूनियर शतरंज़ खिलाड़ीयो मैं शीर्ष स्थान मैं है.स्नेहा की सफलता मैं मुख्य रूप से उनके पिता भोगिरथ हल्दर जी की कड़ी मेहनत है ,आर्थिक रूप से संपन्न ना होते हुए भी उन्होंने शतरंज खेल मैं स्नेहा हल्दर को नियमित शतरंज खेल हेतु प्रेरित किया वा देश विदेश मैं निरंतर शतरंज खेलने के लिए स्वयं साथ जाना एक महान कार्य है.स्नेहा हल्दर पिछले छह वर्षो से नियमित एन. आर. सी. ए. संस्था से जुड़ी हुई है ,संस्था के पदाधिकारियों सदस्यों ने शुभकामनाएं दी वा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी वा अशीर्वाद दिया।

### श्री हरिहर मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**डोंगरगढ़ 3 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चमन नगर केदारबाड़ी स्थित श्री हरिहर मंदिर में राधे-कृष्ण, शिवलिंग एवं शिव परिवार की तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर उत्साहपूर्वक यात्रा में भाग लिया और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। कलश यात्रा के पश्चात दोपहर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वेदी पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। बुधवार को राधे-कृष्ण, शिवलिंग एवं शिव परिवार का अधिवास संस्कार आयोजित किया गया, जिसमें चावल, पुष्प, वस्त्र, फल एवं जलाधिवास सहित विभिन्न वैदिक विधियां संपन्न हुईं। आयोजन समिति के अनुसार महोत्सव के अंतिम दिन 16 जुलाई गुरुवार को सुबह 9 बजे अभिषेक एवं मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न होगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे आरती के पश्चात महाभंडारे एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा। श्री हरिहर मंदिर समिति, श्रीमती किरण लता सोनी, रविन्द्र सोनी एवं चमन नगर के वार्डवासियों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में नगर एवं आसपास के श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

### नशा दीमक की तरह जीवन को खोखला कर देता है : टंक राम वर्मा

**रायपुर, 3 अगस्त।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशव्यापी 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के वर्चुअल शुभारंभ के साथ ही बलौदाबाजार- भाटापारा जिले में भी इस महाअभियान का शंखनाद हुआ। मुख्य अतिथि की आसंदी से राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने कहा कि ÷नशा एक दीमक की तरह है जो न केवल व्यक्ति को खोखला करता है, बल्कि उसके परिवार, माता-पिता के सपनों और भविष्य को भी तबाह कर देता है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंक राम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया 'सत्याग्रह' किताब का विमोचन

- **हरि ठाकुर स्मारक संस्थान के सहयोग से स्वर्गीय श्री आशीष ठाकुर द्वारा रचित किताब**

**रायपुर, 3 अगस्त।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज शाम यहां शंकर नगर स्थित अपने निवास कार्यालय में सत्याग्रह नामक किताब का विमोचन किया। हरि ठाकुर स्मारक संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुस्तक के लेखक साहित्यकार एवं पत्रकार स्वर्गीय आशीष सिंह है। यह पुस्तक जल-जंगल के संघर्ष पर केन्द्रित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष श्री प्रभात मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री गणेश शंकर मिश्रा, साहित्य अकादमी के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा सहित, पूर्व सांसद श्री चुन्नीलाल साहू, साहित्यकार, स्वर्गीय आशीष सिंह जी के सुपुत्र श्री उपमन्यु सिंह, श्री अभिमन्यु सिंह मौजूद थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पुस्तक का विमोचन कर कहा कि यह किताब शताब्दी वर्ष छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा किए गए जल-जंगल के लिए किए गए सत्याग्रह पर आधारित है। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान जल-जंगल के अधिकारों की रक्षा के लिए हुए संघर्ष को दर्शाता है। बस्तर से लेकर राजनांदगांव एवं राजनांदगांव से लेकर धमतरी के कंडेल में नहर सत्याग्रह की घटना को उजागर करती है। सन् 1920 में बाबू छोटे लाल श्रीवास्तव के अनुरोध पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को धमतरी आना पड़ा। राजनांदगांव जिले के बादराटोला में शहीद रामाधीन गोंड जिसका स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान था, उसके नाम पर राजनांदगांव शहर में रामाधीन मार्ग है। डॉक्टर सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी त्यागमूर्ति स्व. प्यारे लाल सिंह स्वर्गीय हरि ठाकुर के योगदान को स्मरण किया।



राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री गणेश शंकर मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जल-जंगल का संघर्ष शताब्दी वर्ष के रूप में सत्याग्रह किताब का विमोचन किया जा रहा है। स्वर्गीय आशीष सिंह ने इस किताब के जरिए स्वतंत्रता संग्राम के दौरान आंदोलन के समय के जल-जंगल के संघर्ष का विस्तार से वर्णन किया है, जिसमें धमतरी का कंडेल नहर सत्याग्रह, नत्थूजी जगताप, नारायण राव मेघावाले के संघर्ष और राजनांदगांव जिले के शहीद रामाधीन गोंड का बलिदान, पंडित सुन्दरलाल शर्मा का योगदान का चित्रण किया है। पुस्तक के प्रकाशन के लिए मैं हरि ठाकुर स्मारक संस्थान को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष श्री प्रभात मिश्र एवं साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा, साहित्यकार श्री विरेन्द्र बहादुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# बदहाल सड़क को लेकर कांग्रेस का चक्काजाम, प्रदर्शन

## ट्रैक्टर मार्च, डेढ़ घंटे चक्काजाम, 3 दिन में गड्ढे भरने विभाग ने दिया आश्वासन







- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 3 अगस्त।** बदहाल सड़क, खाद की किल्लत और स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिलों के विरोध में रविवार को ब्लॉक कांग्रेस मुढ़ीपार व युवा कांग्रेस मुढ़ीपार के तत्वावधान में किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में खपरी चौक से शुरू हुई रैली ढारा के नितिन चौक पहुंची, जहां किसानों ने करीब डेढ़ घंटे तक चक्काजाम कर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार आंदोलन में मुढ़ीपार, खपरी, भंडारपुर, करेला सहित आसपास के लगभग छह गांवों के सैकड़ों किसान शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने वर्षों से जर्जर सड़क के कारण हो रही परेशानियों को उठाते हुए स्थायी समाधान की मांग की। रैली की शुरुआत विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने स्वयं ट्रैक्टर चलाकर की। उनके साथ केसीजी जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, राजनांदगांव जिला कांग्रेस महामंत्री विजय राज सिंह चौहान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुरली वर्मा, बाबूलाल वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष पंचराम चंदेल, के विनायक राव, चंद्रशेखर बोरकर सहित कांग्रेस के कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही भंडारपुर में किसानों ने आंदोलन का समर्थन करते हुए एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों से मुख्य मार्ग पर जाम कर दिया था । इसके बाद ट्रैक्टर रैली ढारा-खैरागढ़ मार्ग पहुंची, जहां करीब डेढ़ घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने सड़क की बदहाली के अलावा खाद की कमी और स्मार्ट मीटर के कारण बढ़े बिजली बिलों पर भी नाराजगी जताई। आंदोलन के बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों ने लिखित आश्वासन दिया कि तीन दिनों के भीतर सड़क के प्रमुख गड्ढों की मरम्मत कराई जाएगी। वहीं बारिश समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पूरी सड़क के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने का भरोसा भी दिया गया। इसके बाद किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। इस दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने राज्यपाल के नाम प्रशासन को विभिन्न मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। उल्लेखनीय है कि ढारा से मुढ़ीपार तक 14.40 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से लैंडमार्क इंजीनियरिंग, बिलासपुर द्वारा कराया गया था। निर्माण के कुछ वर्षों बाद ही सड़क जर्जर हो गई, जिसके चलते क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से इसके पुनर्निर्माण की मांग कर रहे हैं।

## बिजली बिल हाफ और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस की अहम बैठक, आंदोलन का ऐलान




- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदा बाजार 3 अगस्त।** जिलाध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में बलौदा बाजार जिला कांग्रेस के प्रभारी अशोक राज आहूजा , कसडोल विधायक संदीप साहू , भाटापारा विधायक इन्द्र साव , बिलाईगढ़ विधायक,कविता प्राण लहरें, वरिष्ठ नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक कांग्रेसजनो ने बिजली बिल हाफ बिजली बिल दर वृद्धि वापस लेने की मांग का समर्थन करते हुए विधानसभा स्तर पर प्रत्येक ब्लॉक, एवं मंडल कार्यकारिणी के माध्यम से घर घर जाकर पूरे अगस्त माह तक फॉर्म भरवाए जाने एवं द्वितीय चरण में संकलित सभी फार्मो को जिला मुख्यालय के विद्युत विभाग में जमा करा पावती लेने के पश्चात संगठन इकाई के प्रत्येक स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने का प्रस्ताव पारित किया गया। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से सुनील महेश्वरी , परमेश्वर यदु, सरजू प्रसाद घृतलहरें,रामचन्द्र पटेल खिलेंद्र वर्मा समीर अग्रवाल, लखेश साहू, आर्यन शुक्ला, जीतेन्द्र नवरत्न, सुनील कुर्रे, सुनील साहू, वैभव केशरवानी, अमर मिश्रा, राजा तिवारी,नीलू चंदन साहू, , लक्ष्मी साहू, बाबूलाल साहू, सिद्धांत मिश्रा, हेमंत दुबे , प्रवीण सेन, युधिष्ठिर नायक, दयाराम वर्मा, अमर मण्डावी, रिंकू भाटिया, दीवाकर मिश्रा वामन टिकरिया, कुलदीप सलूजा,,कुलदीप सलूजा, प्रकाश ताम्रकार , नीलू चंदन साहू, पदमेश्ववरी साहू, लक्ष्मी पांडेय, प्रमिला साहू,पंकज मरैया, प्रेमलता बंजारे, सुखदेव साहू, डॉ धनेश साहू, तुलसी मनहरे,राम प्रसाद वर्मा, चंद्रप्रकाश साहू, ओमप्रकाश यदु, नीरज बांधे, विजय कुर्रे, श्रद्धा मनीष वर्मा, डीगेश्वरी रवींद्र नामदेव, धनश्याम वर्मा, भेनु साहू, जय ठाकुर, शैलेन्द्र ध्रुव, पी के धृतलहरे, रामशंकर साहू, मोती साहू, सतीश साहू, युगल किशोर साहू, रवि शंकर बंजारे उपस्थित थे।

## ई-रिक्शा चालकों ने एसडीएम से लगाई गुहार

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 3 अगस्त।** ई आटो रिक्शा यूनियन कल्याण समिति डोंगरगढ़ के सैकड़ो चालकों ने कालकापारा रेलवे स्टेशन स्थित मां बमलेश्वरी ऑटो यूनियन के कुछ दबंग चालकों के ऊपर आरोप लगाते हुए अपनी रोजी रोटी छिनने व लडाई झगड़ा कर परेशान करने को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, जी आर पी थाना प्रभारी, आर पी एफथाना प्रभारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित थाना प्रभारी पुलिस थाना डोंगरगढ़ को ज्ञापन पत्र देते हुए अपने साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ खड़े होकर न्याय के लिए गुहार लगाई गई है। ज्ञापन के माध्यम से रिक्शा चालकों ने बताया कि हम सभी ई आटो रिक्शा वाले डोंगरगढ़ में जगह-जगह सवारी लाने-ले जाने का कार्य करते है किन्तु मां बमलेश्वरी आटो रिक्शा यूनियन डोंगरगढ़ के द्वारा हम ई आटो रिक्शा वाले को रेल्वे स्टेशन के अंदर बाहर एंव मां बम्लेश्वरी मंदिर छिरपानी गेट के पास,रोपवे के पास,छोटी मंदिर के पास से सवारी लाने-ले जाने नही दिया जा रहा है और कहा जा रहा है कि यह सभी स्थान पर सिर्फ हम आटो रिक्शा यूनियन वाले ही कार्य कर सकते है और कोई दूसरा कार्य नही कर सकता है तथा हमारे द्वारा वहा सवारी लाने-ले जाने हेतु जाते है तो हम ई आटो रिक्शा वाले को गाली-गलौच देते है तथा जान से मारने की धमकी देते हुए धक्का मुक्की की जा चुकी है। वहीं हमारी गाड़ी की चाबी भी छीन लिया जाता है, यदि हम ई आटो रिक्शा वाले के विरूद्ध सवारी लाना-ले जाने का कार्य करने में बांधा उत्पन्न किया जाता रहेगा तो हमारे परिवार का पालन पोषण किस प्रकार से होगा यदि इसी प्रकार हमे कार्य करने से रोका जाता है, तो हमें पूरा परिवार सहित भूखा मरने की नौबत आ सकती है। हमारे रोजी-रोटी पर विचार कर न्यायसंगत हमे भी सभी स्थानो पर सवारी लाने-ले जाने की अनुमति प्रदान किया जाए। जिससे की हम अपने परिवार का पालन पोषण कर सके।



## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना से किसान बलदेव राजवाड़े को मिला लाभ

**रायपुर, 3 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले के किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ निरंतर प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत संचालित नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल (तिलहन) योजना किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है।

जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड के ग्राम सुलेसा निवासी कृषक बलदेव राजवाड़े ने इस योजना का लाभ लेकर सरसों की उन्नत खेती अपनाई है। कृषि विभाग द्वारा उन्हें अनुदान पर सरसों का उन्नत बीज उपलब्ध कराया गया। साथ ही सूक्ष्म पोषक तत्व, आवश्यक उर्वरक एवं पौध संरक्षण दवाइयां भी प्रदान की गईं, जिससे खेती की लागत कम हुई और बेहतर उत्पादन की संभावना बढ़ी। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर खेत का निरीक्षण कर तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान में उनकी सरसों की फसल उत्कृष्ट स्थिति में है।

कृषक श्री बलदेव राजवाड़े ने बताया कि उनके पास कुल 2.512 हेक्टेयर कृषि भूमि है। खरीफमौसम में वे पूरे रकबे में धान की खेती करते हैं, लेकिन पर्याप्त सिंचाई सुविधा नहीं होने के कारण रबी सीजन में अधिकांश भूमि खाली रह जाती थी। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में उन्होंने कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और रबी सीजन में सरसों की खेती शुरू की।

उन्होंने बताया कि सरसों की अच्छी फसल मिलने से अब खाद्य तेल के लिए बाजार पर निर्भरता कम होगी। साथ ही तिलहन फसल का बेहतर बाजार मूल्य मिलने से उनकी आय में भी वृद्धि होगी।

## भाजपा आईटी सेल की नई टीम का गठन नियुक्तियों से कार्यकर्ताओं में उत्साह

**तिल्दा नेवरा 3 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश संयोजक भाजपा आईटी सेल सुनील पिल्लई के निर्देशानुसार तथा भाजपा जिला अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण श्याम नारंग एवं भाजपा आईटी सेल जिला संयोजक हितेश मंडाई की सहमति से भाजपा आईटी सेल जिला रायपुर ग्रामीण की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जारी सूची में तिल्दा नेवरा के गौरव केशरवानी को रायपुर जिला सह संयोजक तिल्दा नेवरा शहर मंडल के लिए राकेश कमलानी को संयोजक एवं करण यदु को को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। जारी नियुक्ति सूची के अनुसार संगठन की आईटी गतिविधियों को सशक्त बनाने तथा डिजिटल माध्यमों से पार्टी की विचारधारा और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के बाद प्रमुख रूप से सागर पंजवानी ,सौरभ जैन आदि भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने राकेश कमलानी ,करण यदु एवं गौरव केशरवानी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है





# प्रधानमंत्री ने किया नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारम्भ

- **युवा नशे से दूर रहकर विकसित भारत निर्माण की ओर अग्रसर हों: राजस्व मंत्री वर्मा**
- **नशा के विरुद्ध अभियान में सहभागिता निभाने दिलाई शपथ**

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 3 अगस्त।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशव्यापी 'नशा मुक्त युवा,विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया । उन्होंने वर्चुअल रूप से जुडर देश के 28000 से अधिक स्थानों से जुड़े युवाओं को सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम के सीधा प्रसारण का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा,जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप.शर्मा,जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री ने उपस्थित युवा समूहों को नशा मुक्ति,नशा से दूर रहने तथा परिवार व समाज को नशा के दुष्परिणामो से जागरूक करने की शपथ दिलाई। इस दौरान युवाओं ने नशा मुक्ति से सम्बंधित आकर्षक नाटिका की भी प्रस्तुति दी।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिये लगातार युवाओ से आह्वान कर रहे है,नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान भी उसी की एक कड़ी है जिसके माध्यम से युवाओ को नशे के चंगुल में न पड़कर देश के बारे में सोचने की प्रेरणा देना है। उन्होंने कहा कि आज के युवा पीढ़ी नशे से दूर रहकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि नशा एक दीमक की तरह मनुष्य के जीवन को खोखला कर देता है जिससे न केवल उसका जीवन बर्बाद होता है बल्कि परिवार भी टूटकर बिखर जाता है,माता- पिता के सपने व उम्मीद समाप्त हो जाते है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है देश की आजादी से लेकर अब तक जितने भी आंदोलन हुए उसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी रही है, युवा परिवर्तन लाने में सक्षम हैं।नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत 100 सप्ताह तक लगातार अनेक कार्यक्रम होंगे जिसमें युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक करें।

जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने युवा के लिये लगातार अभियान चला रहे हैं ताकि युवा जागरूक रहे और भविष्य सुरक्षित रहे।उन्होंने कहा कि नशा एक मनुष्य के परिवार को भी नाश कर देता है। युवा नशा से दूर रहे,अच्छे विचारों और संस्कारों को ग्रहण करें।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को विकसित,समृद्ध और स्वस्थ राष्ट्र का सपना देखा है और इसे पूरा करने के लिये युवाओं को नशा जैसे बुरी लत से मुक्त होना जरुरी है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत 100 सप्ताह तक खेल,कला,संस्कृति,जनजारूकता के अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे जिसमें युवा अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करें। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव एसडीएम दीपक निकुंज,खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

### नशा के खिलाफ युवा बनें जन आंदोलन के नेतृत्वकर्ता: उप मुख्यमंत्री अरुण साव

**रायपुर, 3 अगस्त।** नशा मुक्त भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गुरु घासीदास विश्वविद्यालय एवं माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आज रविवार को विश्वविद्यालय बिलासपुर के रजत जयंती सभागार में 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत 2.0' अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के राष्ट्रव्यापी वर्चुअल संबोधन का प्रसारण किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हमारा युवा नशे से मुक्त, स्वस्थ, अनुशासित और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित होगा।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202607092200037**

विषय:- अ-6 अ
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2025-2026

अण्डी (प.ह.न. 00028),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- लक्ष्मी पटेल,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका लक्ष्मी पटेल बेवा स्व. धरम पटेल जाति मरार निवासी भेलवाटोला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर ग्राम अंडी में कृषि भूमि स्थित है जिसका खसरा नम्बर 556 रकबा 0.0160 खसरा नम्बर 557/2 रकबा 0.495 खसरा नम्बर 384/1 रकबा 0.3040 हे. खसरा नम्बर 394/2 रकबा 0.125हे. है। आवेदिका की पुत्री पायल पटेल का नाम राजस्व रिकार्ड में पायल पटेल पिता धरम पटेल दर्ज है। आवेदिका की पुत्री की जन्म तिथी 30/04/2015 है जिसके अनुसार पायल पटेल की उम्र 10 वर्ष है तथा वर्तमान में वह नाबालिग है आवेदिका के पति धरम पटेल की मृत्यु हो चुकी है तथा वर्तमान में आवेदिका लक्ष्मी पटेल ही उसकी पालक माँ है। आवेदिका अपने उक्त भूमि के राजस्व रिकार्ड में सहखातेदार अपनी पुत्री का नाम ना.बा. पायल पटेल पिता धरम पटेल पालक मां लक्ष्मी पटेल दर्ज करवाना चाहती है। अतः उक्त भूमि के राजस्व रिकार्ड में सहखातेदार का नाम ना.बा. पायल पटेल पिता स्व. धरम पटेल पालक मां लक्ष्मी पटेल दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10/08/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/07/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202607092100045
अ/6 वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भुपेन्द्र कुमार फुन्डे पिता स्व बाबूराव फुन्डे जाति कुनबी उम्र 43 वर्ष निवासी कंडरापारा वार्ड नं. 21 डोगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक भूपेन्द्र कुमार फुन्डे एवं अनावेदकगण अमित, सुलोचना, उषा, हन्सकला, मीना दिलीप आसोले, सुनन्दा बाई की माता सरस्वती फुन्डे को कार्यालय कलेक्टर राजनांदगांव से मुख्यमंत्री आबादी पट्टा प्राप्त हुआ है। आवेदक एवं अनावेदकगण की माता सरस्वती फुन्डे की मृत्यु दिनांक 14/01/2021 को हो चुकी है। अतः आबादी पट्टा में दर्ज सरस्वती बाई का नाम विलोपित कर आवेदक एवं अनावेदकगण का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 13/08/2026 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
डोंगरगढ़ (छ.ग)

## एक नजर

### कोमल प्रसाद राठौर के गजल संग्रह का विमोचन

**रायपुर, 3 अगस्त।** छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण संघ के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र और महा सचिव शिरीष त्रिवेदी ने बताया कि पंडित रविशंकर शुक्ल वि वि के सेवानिवृत कक्ष अधिकारी डा कोमल प्रसाद राठौर कवि एवं ग़ज़लकार के हिंदी ग़ज़ल संग्रह अनुग्रह का विमोचन 2 अगस्त को सिविल लाइन के वृंदावन हॉल में किया गया। वरिष्ठ व्यंग्यकार गिरीश पंकज मुख्य अतिथि थे। कवि, लेखक एवं ग़ज़लकार डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग' ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर डॉ.चित्तरंजन कर तथा डॉ.सुधीर शर्मा उपस्थित थे।



### ओवरब्रिज पर बिना अनुमति पेंटिंग कर रहे लोगों पर निगम की कार्रवाई, सामग्री जब्त

**रायपुर, 3 जून।** राजधानी रायपुर में सार्वजनिक संपत्ति पर बिना अनुमति प्रचार-प्रसार के लिए पेंटिंग किए जाने के मामले में नगर निगम ने त्वरित कार्रवाई की है। चंगोराभाठा रिंग रोड क्रमांक-1 स्थित सार्वजनिक ओवरब्रिज पर चल रहे अनधिकृत पेंटिंग कार्य को तत्काल बंद कराते हुए निगम की मॉनिटरिंग टीम ने मौके से पेंटिंग सामग्री जब्त कर ली। नगर निगम के अनुसार, जोन क्रमांक-5 क्षेत्र में स्थित ओवरब्रिज की दीवार पर बिना सक्षम अनुमति के पेंटिंग किए जाने की सूचना मिलने पर टीम ने मौके का निरीक्षण किया। जांच में सार्वजनिक संपत्ति पर नियमों का उल्लंघन कर प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पेंटिंग किए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए पेंटिंग का कार्य तुरंत रुकवाया गया और उपयोग में लाई जा रही सामग्री जब्त कर ली गई। संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में बिना अनुमति किसी भी सार्वजनिक संपत्ति पर पेंटिंग या प्रचार-प्रसार संबंधी गतिविधि नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई है। नगर निगम ने बताया कि मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई जारी है।

### जयंती पर राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त को दी गई श्रद्धांजलि

**रायपुर, 3 जून।** राष्ट्रकवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त की 140वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को रायपुर के जलविहार कॉलोनी उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। यह आयोजन रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में, जोन-3 के सहयोग तथा श्री गहोई वैश्य समाज रायपुर की सहभागिता से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी और जल विभाग के अध्यक्ष संतोष सीमा साहू ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रकवि के साहित्यिक योगदान को नमन किया। इस अवसर पर श्री गहोई वैश्य समाज रायपुर के अध्यक्ष अनिल गुप्ता कंगेले, सचिव विनोद सुहाने, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, सहसचिव इंदेश सेठ, महिला समिति अध्यक्ष मीरा सरावगी, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश गुप्ता तथा नगर निगम जोन-3 के कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे भी उपस्थित रहे।

# सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में आस्था का सैलाब

## रायपुर से कवर्धा तक मंदिरों में शिव भक्तों का तांता

**रायपुर, 3 अगस्त।** भगवान शिव की भक्ति और आराधना का पवित्र माह सावन चल रहा है. आज सावन का पहला सोमवार है. सुबह से ही शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है. मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं. रायपुर के बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर, भोरमदेव मंदिर और भुतेश्वरनाथ महादेव समेत प्रदेशभर के कोने-कोने में आस्था के उत्सव की तस्वीरें सामने आ रही हैं.

### सुबह 3:30 बजे खुला बूढ़ेश्वर मंदिर का पट

राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब स्थित बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है. भोलेनाथ के दर्शन के लिए जल, दूध, बेलपत्र और धतूरा के साथ श्रद्धालु पहुंच रहे हैं. सुबह 3:30 बजे मंदिर का पट खोला गया. हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज रहे हैं. श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना कर रहे हैं. भक्तों की भीड़ बढ़ती चले जाएगी.

### भूतेश्वरनाथ महादेव मंदिर में बोल बम की गूंज

गरियाबंद के प्रसिद्ध भुतेश्वरनाथ महादेव में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी है. महादेव को जल अर्पण करने के लिए कावंड़ियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है. वहीं भंडारे की भी व्यवस्था की जा रही है. पूरा वातावरण शिवमय हो चुका है. इसके अलावा राजिम में त्रिवेणी संगम पर स्थित कुलेश्वर महादेव मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है. सावन के पहले सोमवार को भगवान शिव से आशीर्वाद लेने के लिए बड़ी संख्या में बच्चें, महिलाएं और बुजुर्ग पहुंच रहे हैं.



### उपमुख्यमंत्री शर्मा ने भोरमदेव मंदिर में किया जलाभिषेक

कवर्धा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन के प्रथम सोमवार को शहर के प्राचीन पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर से भगवान भोरमदेव मंदिर तक निकलने वाली ऐतिहासिक पदयात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं. पदयात्रा में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल होंगे, वह पंचमुखी बूढ़ा महादेव से जल लेकर करीब 18 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे. इसके बाद भोरमदेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे.

## रायपुर ग्रामीण पुलिस का विशेष अभियान

# 600 से ज्यादा अवैध प्रवासी व किरायेदारों का सत्यापन, 6 संदेहियों से पूछताछ



**रायपुर, 3 अगस्त।** राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों की रोकथाम के लिए रायपुर ग्रामीण पुलिस द्वारा विशेष सत्यापन एवं जनसुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज थाना सिलतरा पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र में निवासरत श्रमिकों, बाहरी राज्यों से आकर कार्य करने वाले व्यक्तियों और किरायेदारों के दस्तावेजों का परीक्षण किया गया।

यह अभियान पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), नोडल अधिकारी एसटीएफ अभिषेक झा और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (माना) लम्बोदर पटेल के मार्गदर्शन में चलाया गया।विशेष अभियान के तहत सांकरा स्थित जे.के. वीडियो हॉल परिसर में लगभग 600 किरायेदारों का भौतिक सत्यापन कर दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान 6 संदेही व्यक्तियों की विशेष तस्दीक की गई, जिनसे पूछताछ कर वैधानिक प्रक्रिया के तहत आगे की जांच जारी है।

**मकान मालिकों को दिए सख्त निर्देश:** पुलिस ने मकान मालिकों और प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बिना पुलिस सत्यापन के किसी भी व्यक्ति को किराए पर मकान न दें और बाहरी व्यक्तियों की समय-समय पर पुलिस को जानकारी उपलब्ध कराएं।

**पुलिस प्रशासन की अपील :** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक झा ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा, अपराधो की रोकथाम और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अवैध प्रवासी और किरायेदारों का सत्यापन अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल टोल फ्री नंबर 1800-233-1905 में तत्काल देवे जिसपर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। रायपुर ग्रामीण पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे अपने यहां निवासरत किरायेदारों का पुलिस सत्यापन अवश्य कराएं और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि अथवा अवैध प्रवासी से संबंधित सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारियों को मिली पहली फील्ड पोस्टिंग

**रायपुर, 3 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने वर्ष 2024 बैच के भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों की फील्ड ट्रेनिंग के लिए अस्थायी पदस्थापना के आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार अधिकारियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए विभिन्न वनमंडलों में उप वनमंडलाधिकारी के पद पर तैनात किया गया है। यह पदस्थापना प्रशिक्षण अवधि तक प्रभावी रहेगी। वन विभाग द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान ये सभी अधिकारी संबंधित वनमंडलों में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद वे यथास्थिति उसी उप वनमंडल में पदस्थ रहेंगे।




### इन्हें मिली जिम्मेदारी

**कुनाल मिश्रा** (2024 बैच) को उप वनमंडलाधिकारी, अंबिकापुर (वनमंडल सरगुजा) बनाया गया है।

**मृगजा जालिंदर यादव** (2024 बैच) को उप वनमंडलाधिकारी, कटघोरा (वनमंडल कटघोरा) की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**परख सारडा** (2024 बैच) को उप वनमंडलाधिकारी, सुकमा (वनमंडल सुकमा) में पदस्थ किया गया है।

**प्रीति यादव** (2024 बैच) को उप वनमंडलाधिकारी, उत्तर नारायणपुर (वनमंडल नारायणपुर) की जिम्मेदारी दी गई है।

**यशस्वी मौर्य** (2024 बैच) को उप वनमंडलाधिकारी, राजनांदगांव (वनमंडल राजनांदगांव) में पदस्थापना मिली है।

# राज्यपाल व मुख्यमंत्री की उपस्थिति में लोक भवन से 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ

**रायपुर, 3 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज देशभर में प्रारंभ हुए 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत राजधानी रायपुर स्थित लोक भवन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की गरिमामयी उपस्थिति में बड़ी संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन तथा विभिन्न युवा संगठनों के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया और समाज को नशे के दुष्प्रभावों से मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से देशभर के युवाओं को संबोधित करते हुए 100 सप्ताह तक चलने वाले इस राष्ट्रव्यापी जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है और यदि युवा नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और क्षमता का सकारात्मक उपयोग करें, तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से स्वयं नशामुक्त जीवन अपनाने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी इस दिशा में जागरूक करने का आह्वान किया। लोक भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं ने उत्साहपूर्वक देखा। राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्ति की शपथ ली। कार्यक्रम में युवाओं को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, सकारात्मक सोच विकसित करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया गया।



# भूपेश बघेल पंजाब में भी कांग्रेस की नाव डुबाएंगे : भाजपा

**रायपुर, 3 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में जनता द्वारा बुरी तरह नकारे जाने के बाद अपना राजनीतिक वजूद बचाने के लिए जूझ रहे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अब पंजाब में भी कांग्रेस की बची-खुची कश्ती को डुबाने में जुट गए हैं। पाण्डेय ने पंजाब कांग्रेस के कार्यक्रमों में हुए भारी हंगामे और सिर-फुट्टौव्वल पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि भूपेश बघेल कांग्रेस के लिए ÷अशुभ÷ साबित हुए हैं; उन्हें आलाकमान ने जहाँ-जहाँ की कमान सौंपी, वहाँ-वहाँ पार्टी का पूरी तरह बंठाधार ही हुआ है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पाण्डेय ने कहा कि हाल ही में पंजाब के पटियाला और संगरूर में हुए कांग्रेस के कार्यक्रमों में भूपेश बघेल और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष की मौजूदगी के बावजूद कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी और गुटबाजी का नजारा पेश किया। जो नेता अपने सामने अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को अनुशासित नहीं रख सकते, वह पंजाब में पार्टी को एकजुट करने का झूठा छलावा कर रहे हैं। पाण्डेय ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बघेल की कुलजमा राजनीतिक हैसियत सिर्फऔर सिर्फ एक 'विशेष परिवार' की परिक्रमा और खुशामद करने तक ही सीमित रह गई है। छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता ने उनके कुशासन, भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी का जवाब देकर उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया। अब छत्तीसगढ़ में अपना जनाधार खो चुके बघेल को दिल्ली आलाकमान ने पंजाब की 'लुटिया डुबाने' की जिम्मेदारी दे दी है। पाण्डेय ने कहा कि पंजाब में भी बघेल की उपस्थिति में ही चन्नी समर्थकों का हंगामा और गुटबाजी यह स्पष्ट दर्शाती है कि कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है। जहाँ भी भूपेश बघेल प्रभारी या पर्यवेक्षक बनकर कदम रखते हैं, वहाँ कांग्रेस का आंतरिक कलह और तेजी से भड़क उठता है। ?पाण्डेय ने चुटकी लेते हुए कहा कि अपनी बची-खुची साख बचाने के लिए बघेल अब पंजाब में अनुशासनहीनता पर पार्टी से निकालने की गीदड़ धमकियाँ दे रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व और उसके प्रतिनिधि स्वयं पूरी तरह दिशाहीन हो चुके हैं। पंजाब की जनता सब देख रही है और आने वाले समय में कांग्रेस को वहाँ से भी पूरी तरह उखाड़ फेंकेगी।





भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पाण्डेय ने कहा कि भूपेश बघेल गांधी परिवार की मेहरबानी पर राजनीति में टिके हुए हैं। बघेल को छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की कोई नेता पसंद नहीं करते हैं। मुख्यमंत्री रहते हुए छत्तीसगढ़ में वन मैन शो का कार्य करने वाले बघेल को पंजाब प्रदेश का प्रभारी तो बना दिया लेकिन पंजाब में कांग्रेस पार्टी को संगठित करने के बजाय वहाँ पर विद्रोह की आग भड़का रहे हैं। पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेसी एक समय नारा लगाते थे- भूपेश है तो भरोसा है; लेकिन अब वही कांग्रेसी नारा लगा रहे हैं- भूपेश है जहाँ, विरोध है वहाँ। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री रहते हुए बघेल अपने ही मंत्रियों का विरोध करते नजर आए! तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम से उनका जरा भी तालमेल नहीं था। पाण्डेय ने कहा कि अपने ही कार्यकर्ताओं को स्लीपर सेल कहने वाले बघेल आज कांग्रेस में अपना वजूद बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# खारुन नदी से निकाला गया चार क्विंटल प्लास्टिक कचरा

**रायपुर, 3 अगस्त।** भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी नेतृत्व में खारुन नदी के संरक्षण एवं पर्यावरण बचाने के उद्देश्य से व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान खारुन नदी एवं उसके आसपास फैले लगभग चार क्विंटल प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया गया। इसमें प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथिन, प्लास्टिक रैपर, डिस्पोजेबल सामग्री एवं अन्य गैर-जैविक अपशिष्ट शामिल थे। एकत्रित प्लास्टिक कचरे को वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण एवं पुनर्चक्रण के लिए वेस्ट सिटी भेजा गया। इस अवसर पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि लगातार हो रही बारिश के कारण खारुन नदी पूरी तरह जल से भर गई है, लेकिन यह अत्यंत चिंताजनक है कि आसपास के गांवों का सीवरेज का गंदा पानी सीधे खारुन नदी में छोड़ा जा रहा है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) एवं सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद सीवरेज का पानी नदी में जाना पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है।



उन्होंने कहा कि प्रतिदिन टनों के हिसाब से प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट खारुन नदी में बहकर पहुँच रहे हैं, जिससे नदी का प्राकृतिक स्वरूप लगातार नष्ट हो रहा है। बरसात के बाद कई स्थानों पर खारुन नदी का स्वरूप नदी के बजाय नाले जैसा दिखाई देने लगता है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में यह जीवनदायिनी नदी अपना अस्तित्व खो देगी। योगेश तिवारी ने कहा कि खारुन नदी केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी जीवनदायिनी धरोहर है। इसी नदी के जल से अनेक शहरों में पेयजल की आपूर्ति होती है तथा हजारों किसान सिंचाई के लिए इसी पर निर्भर हैं। इसलिए खारुन नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि खारुन नदी को बचाने के लिए जनजागरूकता अभियान लगातार चलाया जाएगा। साथ ही उनके नेतृत्व में जल्द ही छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण मंत्री माननीय ओ.पी. चौधरी को ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें खारुन नदी में गिर रहे सीवरेज के पानी को रोकने, प्लास्टिक प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण करने तथा नदी संरक्षण के लिए ठोस एवं स्थायी कार्ययोजना लागू करने की मांग की जाएगी।

# लोहा चोरों को राजनीतिक संरक्षण की जांच होनी चाहिए: महंत

**रायपुर, 3 अगस्त।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने देश के सबसे बड़े औद्योगिक तीर्थ भिलाई इस्पात संयंत्र में संगठित तरीके से हो रही लोहा चोरी मामले में भाजपा नेता भास्कर मुदलियार की गिरफ्तारी पर कड़ा हमला बोला है।

डॉ. महंत ने कहा कि वैशाली नगर के भाजपा विधायक रिकेश सेन ने बीएसपी से हर महीने लगभग 100 करोड़ रुपये की संगठित चोरी का आरोप लगाया था, जिसमें उन्होंने पुलिस और बीएसपी प्रबंधन की सांठ-गांठ की बात कही थी। भाजपा नेता की गिरफ्तारी के बाद अब विधायक के आरोप पूरी तरह सही साबित हो रहे हैं। लोहा चोरी के इस बड़े मामले में यह 17वीं गिरफ्तारी है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि, भिलाई स्टील प्लांट के बड़े-बड़े अधिकारियों की भी इसमें गिरफ्तारियां हुई हैं। भाजपा नेता की गाड़ियां बीएसपी के भीतर से लोहा चोरी करती थीं। पुलिस ने पुख्ता सुबूत मिलने और पूछताछ के बाद ही यह गिरफ्तारी की है। इसके तुरंत बाद भाजपा द्वारा उस नेता को 6 साल के लिए पार्टी से निकालना यह दर्शाता है कि मामले में उनकी संलिप्तता पूरी तरह साबित हो चुकी है।

### संरक्षण देने वाले बड़े चेहरों की हो जांच

डॉ. महंत ने आशंका जताई कि भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम 'सेल' के इस संयंत्र से लंबे समय से संगठित चोरी का यह खेल सुरक्षाबलों, बीएसपी अधिकारियों, स्थानीय पुलिस और भाजपा पदाधिकारियों-कारोबारियों के गठजोड़ से चल रहाथा, अदना मंडल-पदाधिकारी अपने दम पर केंद्र सरकार के इतने बड़े संस्थान में इतनी बड़ी चोरी नहीं कर सकता। इसके पीछे केंद्र और राज्य के किन-किन बड़े नेताओं का संरक्षण हासिल है, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। एजेंसियां चाहें तो इस चोरी का भांडाफोड़ करने वाले भाजपा विधायक से भी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल कर सकती हैं।



### केन्द्र सरकार और राज्य नेतृत्व पर निशाना

डॉ. महंत ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि, सार्वजनिक उपक्रमों को खोखला करने की साजिश केंद्र में 12 वर्षों से काबिज मोदी सरकार बीएसपी को अब तक बेच नहीं पाई है, इसलिए इसे अंदर से खोखला करके बेचने की भूमिका तैयार की जा रही है।

डॉ महंत ने कहा कि, ?जांच एजेंसियों का राजनीतिक दुरुपयोग, सीबीआई, ईडी और आईटी जैसी राष्ट्रीय जांच एजेंसियां स्वतंत्र न रहकर सरकार के इशारों पर काम कर रही हैं, ऐसे में इस मामले की जांच किसी केंद्रीय एजेंसी को सौंपने से भी सही नतीजे की उम्मीद नहीं की जा सकती।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, मुख्यमंत्री की चुप्पी इस विषय पर सवाल उठना लाजमी है चार दिन पहले जब मीडिया ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से इस चोरी के संबंध में सवाल पूछा था, तो वे बिना जवाब दिए मुंह मोड़कर चले गए थे। अब सुबूत इतने पुख्ता हो चुके थे कि कार्रवाई करना पुलिस की मजबूरी बन गया। डॉ. महंत ने तंज कसते हुए अंत में कहा कि भाजपा अपनी हर नाकामी के लिए राष्ट्रनिर्माता स्व. पंडित जवाहरलाल नेहरू को कोसती रहती है, जबकि उनके बनाए सार्वजनिक उपक्रमों को खोखला कर उद्योगपतियों के हवाले किया जा रहा है।

# बारिश थमने के बाद बढ़ा तापमान गर्मी और उसम से लोग परेशान

**रायपुर, 3 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में बीते 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश हुई। राजधानी रायपुर में पिछले 3 दिनों से तापमान 30 डिग्री के पार दर्ज किया जा रहा है। गर्मी और उसम से लोग परेशान हो रहे हैं। मौसम विभाग ने आज कई इलाकों में बारिश को लेकर संभावना बताई है। वहीं एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा के साथ बादल गरजने-चमकने और बिजली गिरने की संभावना बन रही है। दो दिनों तक इसी तरह का मौसम रहने वाला है।

**यहां बरसे सबसे ज्यादा बादल:** बारिश के प्रमुख आंकड़ों में दोरनापाल, भिलाईगढ़ और जगरगुंडा में 4-4 सेंटीमीटर, कटेकल्याण और सुकमा में 3-3 सेंटीमीटर, सरिया, धनोरा और नया बाराद्वार में 2-2 सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई. इसके अलावा दंतेवाड़ा, अंतागढ़, केल्हारी, सक्ती, बड़े बचेली, अड़भार, बम्हनीडीह, वाड्रफनगर और गादीरास में 1-1 सेंटीमीटर बारिश दर्ज हुई। मौसम विभाग के अनुसार, औसत समुद्र तल पर मानसून द्रोणिका दक्षिण-पश्चिम राजस्थान में बने निम्न दबाव क्षेत्र के केंद्र से होते हुए मध्य भारत (छत्तीसगढ़) और पूर्वोत्तर तक फैली हुई है। इसके प्रभाव से प्रदेश में नमी बनी हुई है और बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। राजधानी रायपुर के लिए मौसम विभाग की ओर से जारी स्थानीय पूर्वानुमान के मुताबिक आज बादल छाए रह सकते हैं। बादल गरजने-चमकने के साथ बारिश हो सकती है।

### इन क्षेत्रों के लिए चेतावनी जारी

मौसम विभाग ने प्रदेश के क्षेत्रों में सोमवार सुबह बारिश का अलर्ट जारी किया है। सुरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर में बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। इन इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा मरवाही, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर में आकाशीय बिजली, तेज हवाएं चलने और बारिश होने की संभावना जताई गई है। इन क्षेत्रों में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26